kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-114 ❐ रविवार, 24 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का अभियान केवल सर्दियों के कुछ महीनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष के 365 दिनों तक स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने का संकल्प है : रेखा गुप्ता

परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बिना किसी सहमति के समाप्त 11

बिहार बनेगा एआई हब, राज्य सरकार जल्द लायेगी एआई पॉलिसीः मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### आदिवासियों की सेवा करने वाले पति-पत्नी को मिलेगा पद्म श्री

**नई दिल्ली।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में आदिवासियों की सेवा करने वाले पति-पत्नी डॉ. रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। इन्हें यह सम्मान 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों मिलेगा। डॉ. रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले की शादी 1990 में हुई थी। महाराष्ट्र के सतारा जिले के बीएएमएस ग्रेजुएट डॉ. रामचंद्र गोडबोले ने बस्तर जाने से पहले वनवासी कल्याण आश्रम के जरिए नासिक में आदिवासी समुदायों के बीच काम किया था। बाद में उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के बारसूर में अबूझमाड़ के जंगलों के पास एक क्लिनिक खोला। यहां उन्होंने गंभीर रूप से बीमार आदिवासी मरीजों का इलाज किया। पिछले 15 सालों में उन्होंने विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से दूरदराज के जंगली इलाकों में 100 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर भी लगाए हैं, जिनके जरिए 9,000 से ज्यादा मरीजों की जांच और इलाज संभव हो पाया है। पुणे से सोशल वर्क में पोस्ट ग्रेजुएट सुनीता गोडबोले ने आदिवासी महिलाओं और बच्चों के साथ जमीनी स्तर पर लगातार जुड़कर इन चिकित्सा पहलों को और मजबूत बनाया। स्थानीय आदिवासी भाषाओं, गोंडी और हल्बी में अच्छी पकड़ रखने वाली सुनीता ने पोषण, लड़कियों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर बड़े पैमाने पर काम किया।

### चड्ढा राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री चड्ढा सहित आम आदमी पार्टी के सात राज्य सभा सदस्य पिछले महीने ही भाजपा में शामिल हुए थे। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### दो अपर पुलिस अधीक्षक बदले

**लखनऊ।** पुलिस विभाग में तबादले जारी हैं। शासन ने दो अपर पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। कौशांबी में तैनात एएसपी राजेश कुमार (तृतीय) को एडीजी जोन कार्यालय, मेरठ में तैनात किया गया है। यूपी 112 मुख्यालय में तैनात रहीं एएसपी अमिता सिंह को एएसपी कौशांबी बनाया गया है।

### अपराध से अर्जित की गई 14.60 लाख की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ।** गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गैंगलीडर आशुतोष मिश्रा की 14.60 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति को शनिवार को कुर्क करने का आदेश दिया गया है।

# 75 जिलों में लागू होगी श्रमिक विद्या योजना : मुख्यमंत्री

**श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति, उन्हें सम्मान और सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता : योगी**

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को और व्यापक तथा परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों।

शनिवार को अपने सरकारी आवास पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना भी तैयार की जाए।



बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ की गई इस योजना के तहत आठ से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में योजना 20 जनपदों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। उन्होंने इसे और अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54 हजार 747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के अनुकूल वातावरण और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार की नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 32 हजार 583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं। मार्च 2017 तक जहां यह संख्या 14 हजार 176 थी, वहीं अप्रैल 2017 के बाद 18 हजार 407 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4860 कारखानों का पंजीकरण किया गया। विभाग को बीआरएपी सुधारों के क्रियान्वयन में 'टॉप अचीवर' के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है तथा उद्योग समागम 2025 में श्रम क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के लिए सभी औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केंद्रों यानी 'लेबर अड्डों' को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को केवल श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थल के रूप में नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता एवं सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित आवास सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कानपुर में प्रस्तावित औद्योगिक श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान और छात्रावास योजना को कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की मांग है। बैठक में बताया गया कि विष्णुपुरी स्थित भूमि पर 200 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला प्रशिक्षण संस्थान प्रस्तावित है, जहां कारपेंटरी, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, प्लंबर, पेंटर और बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बेनाझाबर स्थित भूमि पर ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा-

# विकसित भारत में युवाओं की होगी बड़ी भूमिका

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि देश का युवा विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला है और आने वाले वर्षों में नई अर्थव्यवस्था तथा टेक्नोलॉजी आधारित क्षेत्रों में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देशभर के हजारों युवाओं और उनके परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नियुक्ति पाने वाले युवा रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं तथा वे देश की विकास यात्रा के जिम्मेदार भागीदार बनेंगे। मोदी ने कहा कि हाल ही में उनकी पांच देशों की यात्रा के दौरान दुनिया की बड़ी कंपनियों के प्रमुखों से विस्तृत चर्चा हुई और हर जगह भारत के युवाओं तथा देश की तकनीकी प्रगति को लेकर उत्साह दिखा। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है और भारत विभिन्न देशों के साथ साझेदारी बढ़ाकर युवाओं के लिए नए अवसर तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्लीन एनर्जी, क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन हाइड्रोजन और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ ग्रीन ट्रांजिशन और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ने से भारत भविष्य की क्लीन मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में मजबूत होगा। यूएई और नॉर्वे के साथ साझेदारी से भारत का शिपबिल्डिंग इकोसिस्टम भी मजबूत होगा, जिससे इंजीनियरों, टेक्निशियनों और स्किल्ड वर्कर्स की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है और देश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग सप्लाई चेन विकसित की जा रही है। आने वाले वर्षों में भारत की 10 बड़ी सेमीकंडक्टर यूनिट्स वैश्विक स्तर पर पहचान बनाएंगी और इनमें युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका की हिन्द प्रशांत नीति में भारत का विशेष स्थान : रूबियो

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि अमेरिका की हिन्द प्रशांत क्षेत्र नीति में भारत का विशेष स्थान है।

उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और अमेरिका की मजबूती से विश्व को फायदा होगा। अपनी पहली भारत यात्रा पर आये श्री रूबियो ने विदेश मंत्री डा एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता से पहले रविवार को यहां अमेरिकी दूतावास में नये कार्यालय का उद्घाटन किया। मंगलवार को यहां होने वाली क्वाड की बहुप्रतीक्षित बैठक से पहले श्री रूबियो के हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका के बारे में दिये गये बयान को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विदेश मंत्री बनने के बाद क्वाड की पहली बैठक का भारत में होना मात्र संयोग नहीं है बल्कि यह इस ● शेष पेज 11 पर



### अमेरिकी विदेश मंत्री ने मोदी से की मुलाकात, ट्रंप की ओर से व्हाइट हाउस आने का दिया न्योता

नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से उन्हें निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। रूबियो ने रक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति ● शेष पेज 11 पर

## उत्तरी चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, कम से कम 90 लोगों की मौत

बीजिंग। उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गयी है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं।

यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खनिक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गये हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बतायी गयी थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर ● शेष पेज 11 पर

## पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिर महंगी

एजेंसी

❐ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और बढ़ा, 9 दिन में दो बार बढ़ोतरी हो चुकी



नयी दिल्ली। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में शनिवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गयी है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दूसरे शहरों में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गयी है। चार-चार दिन के अंतराल पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम लगातार तीसरी बार बढ़ाये गये हैं।

दिल्ली और आसपास के शहरों में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने आज से सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिये हैं। नौ दिन में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले, 15 मई को भी कंपनी ने सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे। दिल्ली में आज से एक लीटर पेट्रोल 99.51 रुपये का और डीजल 98.64 रुपये का हो गया है। पहले इनकी कीमत क्रमशः 98.64 रुपये और 91.58 रुपये प्रति लीटर थी। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजील के दाम दिल्ली में तीन-तीन रुपये बढ़े थे। इसके बाद 19 मई को भी पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। कोलकाता में आज से पेट्रोल की कीमत 94 पैसे बढ़कर 110.64 रुपये और डीजल की 95 पैसे बढ़कर 97.02 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गयी है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 87 पैसे महंगा हुआ है। आज से वहां एक लीटर पेट्रोल 105.31 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.98 रुपये का हो गया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में बाधा के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ रही है। यही कारण है कि वे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 की कीमत 87 पैसे बढ़ाकर 106.63 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़ाकर 97.81 रुपये प्रति लीटर कर दी है। शहरी गैस वितरण कंपनी आईजीएल की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से सीएनजी 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी। पहले इसकी कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी आईजीएल ने कीमतों में दो-दो रुपये की वृद्धि की है। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 89.70 रुपये का हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 86.12 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 89.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 85.70 रुपये, करनाल और कैथल में 86.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और ● शेष पेज 11 पर

## आजम की सजा तीन साल बढ़ी, अब 10 साल की जेल

एजेंसी

रामपुर। सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सरकार की अपील मंजूर करते हुए आजम खां की सजा सात वर्ष से बढ़ाकर 10 साल कर दी है। साथ ही उन पर लगाया गया 50 हजार रुपये का जुर्माना बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया गया है।

हालांकि अब्दुल्ला आजम को राहत मिली है। उनकी सात साल की सजा बरकरार रखी गई है लेकिन जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई। पहले उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। जिसे बढ़ाकर चार लाख रुपये कर दिया गया है। यानी जुर्माने में साढ़े तीन लाख रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

इस मामले में नवंबर 2025 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला आजम दोनों को सात-सात साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद बचाव पक्ष ने सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी, जबकि अभियोजन पक्ष ने सजा बढ़ाने की मांग को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील की थी। सजा बढ़ाने संबंधी अपील पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए आजम खां की सजा और जुर्माना दोनों बढ़ा दिए। इससे पहले शनिवार यानि 16 मई को साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर के डीएम को तनखैया बोलते हुए उनसे जूते साफ कराने का बयान देने पर दर्ज केस में अदालत ने सपा नेता आजम खां को दो साल कैद की सजा ● शेष पेज 11 पर

❐ दो पैन कार्ड केसः अब्दुल्ला की सात वर्ष की सजा बरकरार

❐ हेट स्पीच में हो चुकी है दो साल की कैद



# ईरान पर फिर नए हमले की तैयारी में अमेरिका : रिपोर्ट

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया।

अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है। हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रंप संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने ''सरकार की



परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम'' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेज़ी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी। हालांकि कुछ अधिकारी वार्ता की प्रगति को लेकर आशावादी हैं लेकिन स्पष्ट नहीं है कि दोनों पक्षों के बीच प्रमुख मतभेदों का समाधान कैसे होगा।

### आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साज़िश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। श्री सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिज़्बुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहाँ अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियाँ दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियाँ जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफ़ाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है। जाँचकर्ताओं द्वारा उद्धृत ऑनलाइन पोस्ट में, उसने कथित तौर पर चेतावनी दी थी कि न तो कड़ी सुरक्षा वाले आवास और न ही गुप्त सेवा की सुरक्षा उसे जवाबी कार्रवाई से ● शेष पेज 11 पर

# विधायक डा. नीरज बोरा ने जानकीपुरम प्रथम वार्ड में1. 26 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

❒ विधायक ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में दो प्रमुख परियोजनाओं की रखी आधार शिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ उत्तर के माननीय विधायक डा. नीरज बोरा द्वारा आज क्षेत्र के विकास और जन-सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत, जानकीपुरम प्रथम वार्ड में कुल1.26 करोड़ से अधिक की दो महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। शनिवार सुबह आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक डा. नीरज बोरा ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में दोनों परियोजनाओं की आधारशिला रखी। जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत सीता विहार कॉलोनी में बालाजी जनरल स्टोर से लेकर सरदार पटेल तिराहे तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत 75.38 लाख एवं जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अंतर्गत अलीशा नगर कॉलोनी में श्री अवनेश सिंह के घर के सामने वाली सड़क का सुधार कार्य जिसकी लागत 51.06 लाख है का शिलान्यास हुआ, इस अवसर पर बोलते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र की आंतरिक सड़कों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। सीता विहार और अलीशा नगर कॉलोनी में होने वाले इन निर्माण कार्यों से स्थानीय निवासियों को जलभराव और खराब रास्तों की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिलेगी।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ, समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्तापरक निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी,कृपाशंकर मिश्र,रामनगीना त्रिपाठी,रामकुमार लोधी, दीपू रावत, गोपाल यादव,संतोष शुक्ला, संतोष सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र पांडे, कमलेश्वर सोनी, अंशु मिश्रा, सी.के.वर्मा, अक्षय मिश्रा लालू, सुनील सिंह, अवनेश सिंह गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इन विकास कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और विधायक डा बोरा का आभार व्यक्त किया।

# नगराम में चोरों का तांडव: विकलांग के घर लाखों की चोरी

❒ तीन दिन में तीसरी वारदात से दहले ग्रामीण

❒ सलेमपुर अचाका के बाद अब करोरवा गांव बना निशाना, जेवरात और नकदी समेट ले गए बेखौफ चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सलेमपुर अचाका गांव में दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा अभी पुलिस कर भी नहीं पाई थी कि तीसरे दिन ही चोरों ने करोरवा गांव में एक विकलांग व्यक्ति के घर धावा बोलकर लाखों रुपये के जेवरात और 35 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में भय और पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

करोरवा गांव निवासी राजकुमार, जो दो वर्ष पूर्व सड़क हादसे के बाद से विकलांग हैं, ने बताया कि शुक्रवार रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। उस समय उनकी पत्नी रीना मायके गई हुई थीं और वह अपने तीन बच्चों के साथ कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात और 35 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार उनका छोटा भाई शिवकुमार छत पर ही सो रहा था, लेकिन चोर इतनी सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए कि किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार की आंख खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा देख होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। रात होते ही गांवों में भय का माहौल बन जाता है और लोगों की नींद उड़ चुकी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, सक्रिय चोर गिरोह का जल्द खुलासा करने और लगातार हो रही वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# हरदोई रोड पर मौत बनकर दौड़ी तेज रफ्तार डाला

❒ ऑटो को मारी ऐसी टक्कर कि एक की मौके पर मौत, कई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ। हरदोई रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। अमन धर्मकांटा के सामने तेज रफ्तार वाहन ने सवारियों से भरे ऑटो में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह करीब 8 बजे ऑटो मछली मंडी की तरफ से दुबग्गा जा रहा था। तभी धर्मकांटा की ओर मुड़ रहे तेज रफ्तार डाले ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे लोग सड़क पर जा गिरे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसा डाले चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही का नतीजा है। हालांकि पुलिस अभी वाहन को अज्ञात बताकर जांच की बात कह रही है। हादसे में ऑटो सवार कलीम पुत्र लड्डन (32) निवासी नबीपनाह, थाना माल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जब्बार और इसहाक निवासी नबीपनाह गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य घायल की भी चर्चा है लेकिन उसकी पहचान अब तक साफ नहीं हो सकी है। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के काफी देर बाद तक पुलिस वाहन को लेकर स्पष्ट जानकारी देने से बचती रही। इलाके के लोगों में हादसे को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि हरदोई रोड पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। लेकिन प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही। शनिवार सुबह का यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर गया है।

# कमता में सड़क के बीच खड़ा बिजली का खंभा बना मौत का खतरा



❒ विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के कमता इलाके में बिजली विभाग की घोर लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। यहां सड़क के ठीक बीचों-बीच लगा बिजली का खंभा हर पल बड़े हादसे को दावत दे रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह खंभा कमता पावर हाउस से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अब तक इस गंभीर समस्या पर नहीं पड़ी।हनुमंत मार्केट और आसपास के इलाकों में सड़क निर्माण होने के बावजूद कई बिजली के खंभे अब भी सड़क के बीचों-बीच खड़े हैं। दिनभर भारी वाहनों, ई-रिक्शा, बाइक और पैदल राहगीरों की आवाजाही के बीच यह खंभे दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय यहां हादसे का खतरा और बढ़ जाता है।क्षेत्रीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि कई वर्षो से ये खाभा सड़क के बीचों बीच है शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग केवल कागजी कार्रवाई में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते खंभों को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है

## भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराया

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी नजर आ रही है। कामता और शिवपुरी उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने हजारों लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि दिनभर की तपती गर्मी झेलने के बाद रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि रात होते ही बिजली की आवाजाही शुरू हो जाती है। कुछ मिनट सप्लाई आने के बाद घंटों की कटौती कर दी जाती है, जिससे पूरी रात लोग गर्मी और उमस में जागने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की ओर से शिवपुरी और कामता पावर हाउस से संबंधित समस्याओं की जानकारी देने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें फॉल्ट और सप्लाई अपडेट साझा किए जाते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि रातभर चलने वाली लंबी कटौती की कोई सूचना ग्रुप में नहीं दी जाती। इससे उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि बिना किसी बड़े फॉल्ट के भी घंटों बिजली गायब रहती है, जबकि शिकायत करने पर केवल तकनीकी समस्या बताकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जाता है। लगातार हो रही कटौती के कारण इन्वर्टर जवाब दे रहे हैं और लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है।

## मारपीट और जानलेवा हमले का आरोप, कई नामजद समेत अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बीबीडी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कई नामजद आरोपियों समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पपनामऊ अनोरा कला निवासी विवेक सिंह ने बीबीडी थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 21 मई की रात करीब 8 बजे गांव के ही निवासी अमित यादव, कृष्णा यादव, विकास यादव समेत कुछ अन्य लोगों ने मिलकर उन पर और उनके चचेरे भाई आशीष सिंह पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी भी देते हुए फरार हो गए। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि नामजद आरोपी पहले भी गांव में कई लोगों के साथ मारपीट की घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीबीडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जर्जर पुल बना ग्रामीणों की मुसीबत, सांसद आरके चौधरी ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र की ग्राम पंचायत रघुनाथ खेड़ा के मजरा मदारी खेड़ा में शनिवार को समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों नेताओं ने गांव में घर–घर जाकर लोगों का हालचाल जाना तथा क्षेत्र की जमीनी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने मदारी खेड़ा से रघुनाथ खेड़ा को जोड़ने वाले पुराने, जर्जर और सकरे पुल की समस्या प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में पुल पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग सुनने के बाद सांसद आरके चौधरी ने भरोसा दिलाया कि चौड़े पुल के निर्माण का प्रस्ताव जल्द तैयार कर संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के साथ खड़े हैं और ग्रामीणों की हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, गुलाम गौस, प्रधान राकेश यादव, कुलदीप यादव, शादफ खान, अज़ीज़ अहमद, बबलू, सोहन गौतम, गुलज़ार अहमद, मुमताज अहमद, हुबलाल, शादाब अहमद, इकबाल अहमद, पीर गुलाम, हाफिज जी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। स्वास्थ्य सेवाओं को सरल एवं सुगम तरीके से जन-जन तक पहुँचाने के अभियान मे जुटे बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शिव नगर, बेरी होटल फैजुल्लागंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही साथ निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 68 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। स्थानीय निवासियों ने इस विशाल चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के इस शिविर में 186 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा लाभ प्राप्त लाभार्थियों में राम सागर 60 वर्ष को बीपी/शुगर की, ब्रजकिशोर 36 वर्ष को बीपी शुगर, कमला साहू 45 वर्ष को बीपी शुगर, लज्जावती 24 वर्ष को पैरों में दिक्कत का उपचार प्रदान किया गया। साथ ही साथ सुशील तिवारी, रुचि, कलावती, गीता पाल सहित कई अन्य लाभार्थियों को भी मुफ्त जांच के साथ दवा दी गई। सही एवं सटीक सहायता मिलने पर सभी ने सेवा अस्पताल से पधारे डॉक्टरों की टीम एवं बोरा फाउंडेशन का धन्यवाद किया। मेडिकल की टीम ने मौसमी बीमारियों से बचाव और बेहतर जीवनशैली के लिए लोगों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, चार पर मुकदमा

❒ इलाज के बहाने युवती को होटल ले जाने का आरोप, दुष्कर्म के बाद मौलाना ने धर्म परिवर्तन कराकर जबरन करवाया निकाह

❒ पुलिस ने बीएनएस, एससी/एसटी एक्ट व धर्मांतरण कानून में दर्ज किया केस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब , लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र में युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने और निकाह कराने का मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ बीएनएस, एससी/एसटी एक्ट और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बीकेटी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री को सीतापुर निवासी किरन रावत अपने साथ ले गई थी। आरोप है कि किरन रावत धर्म परिवर्तन से जुड़े रैकेट का संचालन करती है। तहरीर के मुताबिक 26 मार्च को युवती को इलाज के बहाने लखनऊ के एक होटल में ले जाया गया, जहां आरोपी इरशियाक व अकबर अली उर्फ अनुक्स अली ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाए। पीड़िता की मां का आरोप है कि बाद में युवती को बंधक बनाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और मौलाना द्वारा जबरन निकाह करा दिया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि पीड़िता को अमरोहा ले जाकर बंधक बनाकर रखा गया तथा भागने की कोशिश करने पर जातिसूचक गालियां देकर पिटाई की गई।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मामले की शिकायत पहले भी पुलिस से की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब इटौंजा पुलिस ने किरन रावत,इश्तियाक,अकरम अली उर्फ अनुकरम अली व एक अज्ञात मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी की थी शिकायत, कार्रवाई न होने का आरोप

पीड़िता की मां ने तहरीर में आरोप लगाया है कि घटना के बाद उसने पहले भी इटौंजा थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने केवल गुमशुदगी दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। महिला का आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बाद में बेटी के फोन और संदेशों से पूरे मामले की जानकारी होने पर दोबारा तहरीर दी गई, जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ।

### धर्म परिवर्तन रैकेट चलाने का आरोप

एफआईआर में मुख्य आरोपी महिला पर धर्म परिवर्तन से जुड़े गिरोह का संचालन करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की मां का कहना है कि आरोपी महिला युवतियों को बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाती थी और फिर अन्य आरोपियों के संपर्क में लाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराती थी। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि मामले के तार किसी संगठित गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में बड़ी चोरी, 60 पेटी शराब पार

❒ ग्रिल व ताला तोड़कर घुसे बदमाश, सीसीटीवी कैमरे तोड़ डीवीआर भी ले गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र में चंद्रिका देवी रोड स्थित भवानीपुर के पास कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान में शुक्रवार रात बड़ी चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। बदमाश दुकान के पीछे लगी लोहे की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे और करीब 50 से 60 पेटी शराब चोरी कर ले गए। वारदात के बाद आरोपी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर भी साथ ले गए, जिससे पुलिस साक्ष्य मिटाने की आशंका जता रही है।

दुकान मनीष कुमार जायसवाल के नाम पंजीकृत है। शुक्रवार रात रोजाना की तरह करीब 10 बजे दुकान बंद कर कैशियर ने हिसाब-किताब पूरा किया था। दुकान पर सेल्समैन लवकुश यादव व अनिरुद्ध कुमार तथा मैनेजर हर्ष जायसवाल व विवेक सिंह तैनात हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि दुकान परिसर में संचालित कैंटीन चलाने वाले हरधौरपुर निवासी संजय यादव का रात करीब साढ़े दस बजे कैशियर से विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान उसने धमकी भी दी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक संजय यादव परिसर में अवैध रूप से कैंटीन संचालित करता है। विवाद के बाद सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए। शनिवार सुबह दुकान स्वामी ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कैंटीन संचालक संजय यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं घटना के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

### साक्ष्य मिटाने के लिए डीवीआर भी ले गए

वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। दुकान में घुसने के बाद उन्होंने पहले सीसीटीवी कैमरों को तोड़ा और फिर डीवीआर निकालकर अपने साथ ले गए। पुलिस का मानना है कि आरोपियों ने पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से ऐसा किया। एफएसएल टीम मौके से फिंगरप्रिंट व अन्य अहम साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### शराब की दुकानों के बाहर छलक रहे जाम

बीकेटी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में कई शराब की दुकानों के बाहर खुलेआम शराब पिलाने का सिलसिला जारी है। दुकानों के आसपास अवैध कैंटीन और अस्थायी ढाबे संचालित हो रहे हैं, जहां देर रात तक शराबियों की भीड़ जुटती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन अवैध कैंटीनों में बिना अनुमति शराब परोसी जाती है, जिससे आए दिन विवाद, मारपीट और आपराधिक घटनाएं होती रहती हैं। भवानीपुर स्थित शराब दुकान में चोरी की घटना के बाद भी अवैध कैंटीनों की भूमिका चर्चा में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अभियान चलाकर ऐसे अवैध संचालन पर कार्रवाई की मांग की है।

### क्या कहते है जिम्मेदार

शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लिया गया है। एफएसएल टीम द्वारा मौके से साक्ष्य संकलित कराए गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। कैंटीन संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# एल.पी.एस. के मेधा सम्मान समारोह में 542 मेधावी छात्र छात्राएं सम्मानित

❒ राष्ट्र निर्माण हेतु प्रतिभाओं का सृजन करना ही लखनऊ पब्लिक स्कूल का ध्येयः डॉ. एस पी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज ने शनिवार को रामलाल मेमोरियल प्रेक्षागृह, गोमती नगर में ''मेधा सम्मान समारोह 2026'' का भव्य आयोजन किया, जिसमें आईसीएसई, आईएससी, सीबीएसई एवं यू.पी. बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 542 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को संस्थापक चेयरमैन डॉ0 एस.पी. सिंह (सांसद) ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त आई.ए.एस., पी.सी.एस. व अन्य बड़े पदों पर आसीन 22 पूर्व छात्रों एवं उनके अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के आईसीएसई (कक्षा 10) के शिवम अवस्थी 99.8% अंकों के साथ देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर ?1.50 लाख का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, सहारा स्टेट्स शाखा के शवीर प्रकाश श्रीवास्तव को 99% अंक प्राप्त करने पर ?50,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, आईएससी (कक्षा 12) में ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा की समृद्धि द्विवेदी (99.25%), इकरा आलम (99.25%) व जूही चौधरी (99%) को ?50,000-?50,000 के चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

एल.पी.एस. सीतापुर के सीबीएसई (कक्षा 12) के श्रेयांश सिंह (99%) को जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ?50,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बी ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के यू.पी. बोर्ड (कक्षा 12) की आर्ची सिंह (93%) अंकों के साथ लखनऊ जनपद में द्वितीय स्थान, भैरवी मौर्या (92.4%) अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा समीक्षा राजपूत (91%) अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांति सिंह, संस्था के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, महाप्रबंधक हर्षित सिंह, निदेशक नेहा सिंह, उप-निदेशक अनीता चौधरी, मीना टांगडी सहित समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा, ''लखनऊ पब्लिक स्कूल का ध्येय केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, अपितु राष्ट्र निर्माण हेतु प्रतिभाओं का सृजन करना है। हमारे विद्यार्थी आज वैश्विक स्तर पर संस्था का नाम रोशन कर रहे हैं, जो हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।''

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम -एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

- थाना बिसवां में डीएम राजागणपति आर और एसपी अंकुर अग्रवाल ने की जनसुनवाई
- भूमि विवाद और महिला अपराध मामलों के प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना बिसवां में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवादों एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने तथा समस्त अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सतत शहरी विकास एवं नागरिक पहलों के लिए बीएचयू और वाराणसी नगर निगम के बीच एमओयू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- समझौते के तहत नगर निगम विश्वविद्यालय परिसर एवं उसके आसपास विभिन्न नागरिक अवसंरचना एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगा

वाराणसी । उत्तर प्रदेश में वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) एवं वाराणसी नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोगात्मक कार्यों के लिए एक औपचारिक साझेदारी स्थापित करते हुए समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर शनिवार को हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के माध्यम से दोनों संस्थान शहरी प्रबंधन, अवसंरचना विकास, सतत पर्यावरण, नागरिक सेवाओं, सौंदर्यीकरण तथा सामाजिक विकास संबंधी पहलों पर संयुक्त रूप से मिल कर कार्य करेंगे, जिससे नागरिक एवं शैक्षणिक समुदाय लाभान्वित होंगे।

समझौते के तहत नगर निगम विश्वविद्यालय परिसर एवं उसके आसपास विभिन्न नागरिक अवसंरचना एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगा। इनमें कंदवा क्षेत्र में वर्षा जल निकासी अवसंरचना का विकास, हैदराबाद गेट से डाफी कॉरिडोर का विकास तथा मालवीय द्वार एवं विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश क्षेत्र के आसपास सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, वाराणसी नगर निगम विश्वविद्यालय के सहयोग से उद्यानिकी विकास, शहरी विकास, स्वच्छता तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी कार्यों को भी आगे बढ़ाएगा।इस समझौते का एक प्रमुख आयाम विद्यार्थियों के लिए संरचित इंटर्नशिप एवं क्षमता संवर्धन के अवसर उपलब्ध कराना है। नगर निगम प्रति वर्ष कम से कम 50 इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराएगा, जिनमें शहरी प्रशासन, अभियांत्रिकी कार्य, नियोजन, स्वच्छता तथा सामाजिक पहलों से संबंधित क्षेत्र शामिल होंगे। इससे विद्यार्थियों को नागरिक प्रशासन एवं शहरी प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों का अनुभव प्राप्त होगा। समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में निराश्रित गोवंश प्रबंधन, आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं नियंत्रण, तथा स्वच्छता एवं नागरिक समन्वय तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु संयुक्त पहलें भी प्रस्तावित हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह तथा वाराणसी नगर निगम की ओर से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं वाराणसी नगर निगम एक नए सहयोगात्मक अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, जो शहर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व्यापक जनहित के लिए अपनी शैक्षणिक विशेषज्ञता एवं संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रगणक घर-घर जाकर कर रहे मकान व परिवार गणना का कार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां, सीतापुर। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त किये गये प्रगणकों द्वारा शुक्रवार से मकानों की गणना का कार्य शुरू किया गया। स्वगणना कार्य के बाद गत 22 मई से प्रगणकों ने मकानों की गणना शुरू की। इसी क्रम में शनिवार सुबह क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव नियुक्त प्रगणकों प्रतिमा जायसवाल व नसीम बेगम के साथ बिसवां विकास खण्ड के जहांगीराबाद गांव पहुंचे जहां वार्ड संख्या-1 में बचनू, गुड्डू, वलीराम, डा0 अब्दुल मन्नान, मुकेश कुमार, सुनील कुमार आदि घरों में जाकर ग्रामीणों को गणना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

प्रगणक गणना कार्य करते समय आपसे आपके घर व परिवार के सम्बन्ध में कुछ आवश्यक जानकारी चाहेंगे । आपको उन्हें निःसंकोच सही जानकारी उपलब्ध करानी है। आप सभी गणना का कार्य कर रहे प्रगणकों की सहायता करें। उन्होंने बताया कि जिले के हजारों हाउस लिस्टिंग ब्लाक्स की गणना की जानी है।यह कार्य 20 जून2026 से पहले ही समाप्त होना है। फिर इसके बाद गणना का दूसरा चरण शुरू होगा जिसमें जनगणना का कार्य किया जायेगा।



## सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुरू हुआ शुभारंभ

लहरपुर सीतापुर। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा लहरपुर तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम पतवारा में आज सात दिवसीय श्री सत चंडी महायज्ञ एवं भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सूरजकुंड के लिए रवाना हुए जैसा कि हर साल की भांति मां भगवती माता मंदिर पर सात दिवसीय सत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाता है ।वही आज से शुरू हो रही इस सतचंडी महायज्ञ में कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो महिलाएं मौके पर मौजूद रहीं और सूरजकुंड पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर हर हर महादेव के जयकारा लगाया और भक्ति भाव में डूब कर महिलाएं जमकर थिरकी इस सतचंडी महा यज्ञ में उपस्थित कथावाचक जयप्रकाश अवस्थी और ढोलक मास्टर व मंदिर के बाबा अशोक कुमार पुजारी ,संतोष कुमार वर्मा ,शैलेंद्र राज, विष्णु चौरसिया, आदि लोगों आयोजन के मुख्य कार्यकर्ताओं द्वारा कलश शोभायात्रा में लोगों ने उत्साह के साथ अमीर गुलाल भी खेला इस भव्य कलश यात्रा दौरान स्थानीय दरोगा नसरुद्दीन ,दीवान बृजेश कुमार राहुल कुमार वर्मा , सिपाही मोहित कुमार के साथ-साथ अन्य पुलिस भारी संख्या में मौके पर कलश यात्रा में मौजूद रही ।

## नो फ्यूल डे' : घर से पैदल ही नगर निगम पहुंचे महापौर अशोक तिवारी

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ईंधन की बचत और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विशिष्ट जनों ने पहल शुरू कर दी है। पूर्व घोषित कार्यक्रम 'नो फ्यूल डे' के तहत शनिवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी अपने आवास से पैदल ही नगर निगम कार्यालय पहुंचे।महापौर को सड़क पर पैदल चलते देख नगर निगम के अफसरों और कर्मचारियों के साथ पार्षदों ने भी इस संकल्प को अमलीजामा पहनाया और साइकिल या अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों से नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। बताते चले,नगर निगम में बीते बुधवार को सामूहिक निर्णय लिया गया था कि हर शनिवार को 'नो फ्यूल डे' मनाया जाएगा। हालांकि, महापौर अशोक कुमार तिवारी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए प्रतिदिन पैदल दफ्तर आने का जो संकल्प लिया था, उसका अनुपालन उन्होंने बीते गुरुवार से ही शुरू कर दिया। उनके साथ कुछ समर्थक और पार्षद भी इस मुहिम में शामिल दिखे।

# स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक, सकरन नशे-अवैध गर्भपात का 'हब', डीएम-सीएमओ की चुप्पी पर सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन, सीतापुर। सीतापुर के सकरन क्षेत्र में स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह फ़ेल नजर आ रहा है। सांडा और ओड़ाझार में चिकित्सा की आड़ में नशे का कारोबार, अवैध गर्भपात का संगठित रैकेट बेखौफ चल रहा है। आरोप है कि एक्वए सांडा से चंद कदम दूर झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी मैटरनिटी सेंटरों पर रोज जिंदगियों से खिलवाड़ हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अफसर आंख मूंदे बैठे हैं।

## मौत के सौदागर' बेलगाम

ओड़ाझारः बिना रजिस्ट्रेशन के मेडिकल स्टोर पर खुलेआम स्मैक और नशीली दवाओं की बिक्री। युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेला जा रहा।

आरोप है कि कुछ आशा कार्यकर्ता कमीशन के लालच में गांव-गांव से किशोरियों व महिलाओं को लाकर इन 'कसाईखानों' में पहुंचा रही हैं।जहां जानकारी व प्रशिक्षण के अभाव में सिर्फ जिंदगियों के साथ खिलवाड़ ही किया जाता रहा है जोकि अनवरत चालू है।



## सिस्टम पर काला धब्बा

सूत्रों का दावा है कि स्वास्थ्य विभाग सकरन की मिलीभगत के बिना ये 'मौत के अड्डे' एक दिन नहीं चल सकते। सांडा व क्षेत्र सकरन में में कुकुरमुत्ते की तरह उगे अवैध प्रसव केंद्र और दर्जनों फर्जी मेडिकल स्टोर सहित झोलाछाप चिकित्सक इस बात के गवाह हैं कि यहां कानून नहीं, 'वसूली तंत्र' चलता है। जिलाधिकारी और एख्रग सीतापुर की निष्क्रियता से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## सीधा सवाल - जवाब कौन देगा

CHC सांडा के गेट से चंद कदम दूर सांडा बाजार में चल रहे अवैध गर्भपात केंद्र स्वास्थ्य विभाग को क्यों नहीं दिखते?

बिना ड्रग लाइसेंस के नशीली दवाएं व मादक पदार्थ (स्मैक) बेचने वाले मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर की रेड क्यों नहीं? सांडा, ओड़ाझार, कोंसर, ताजपुर सलौली में चल रहे इस गोरखधंधे को राजनैतिक संरक्षण किसका?

# मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी के 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जनपद सीतापुर के थाना मछरेहटा पुलिस को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 6 अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में चोरी, लूट एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंकित कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने 22 मई 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान उस्मान पुत्र फिरोज हुसैन, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मुड़कुड़ी थाना मानपुर जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना मछरेहटा में मु0अ0सं0 109/2026 धारा 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में थाना तालगांव में भी धोखाधड़ी व चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना प्रभारी प्रभात कुमार गुप्ताउ पनिरीक्षक गजेन्द्र राम खरवार उपनिरीक्षक इरशाद अहमदकांस्टेबल नसीम अलीकांस्टेबल सचिन कुमारम छरेहटा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।



# रामगढ़ पंचायत में विकास कार्यों का भुगतान रुका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- प्रधान ने सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

सीतापुर । जनपद के विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ में विकास कार्यों के भुगतान को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान पिंकी देवी द्वारा पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कराए गए, जिनमें निर्माण सामग्री की सप्लाई स्थानीय दुकानदारों एवं सप्लायरों द्वारा की गई। आरोप है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद संबंधित भुगतान अब तक नहीं किया गया, जिससे सप्लायरों और मजदूरों को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान पिंकी देवी का आरोप है कि वह लगातार विकास कार्यों के भुगतान के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार अपनी मनमानी पर उतारू हैं। आरोप यह भी लगाया गया कि सचिव को खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते भुगतान प्रक्रिया जानबूझकर रोकी जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान ने इस मामले की शिकायत कई बार जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर से मुख्यालय पहुंचकर की। इसके अलावा सिधौली तहसील समाधान दिवस में भी जिलाधिकारी के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई और भुगतान प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। दूसरी ओर ग्राम पंचायत में सामग्री सप्लाई करने वाले दुकानदारों और सप्लायरों ने भी जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर भुगतान कराए जाने की मांग की है। सप्लायरों का कहना है कि उन्होंने शासन की योजनाओं के तहत विकास कार्यों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब किसी उच्च अधिकारी द्वारा भुगतान रोकने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, तो फिर आखिर किसके निर्देश पर विकास कार्यों का भुगतान रोका जा रहा है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि समय से भुगतान नहीं हुआ तो पंचायत स्तर पर विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। ग्रामीणों और सप्लायरों ने मांग की है कि जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करें तथा ग्राम पंचायत रामगढ़ में कराए गए विकास कार्यों का लंबित भुगतान तत्काल कराया जाए, जिससे विकास कार्यों की रफ्तार बनी रहे और सप्लायरों को राहत मिल सके।

## क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

इस संदर्भ में गोंदलामऊ खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया संबंधित सचिव को नोटिस जारी की गई है तत्काल भुगतान लगाने का निर्देश दिया गया है

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत दो घायल

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदरपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से बिसवां सीएचसी भेजवाया जहां से एक गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गयी। परिजन उसे घर ले आये। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने थे। सदरपुर थाना क्षेत्र में जहांगीराबाद के मजरा गांव दानपुरवा निवासी जाहिद अली (40वर्ष) पुत्र आशिक अली उर्फ बाबू अपने मित्र खुबैब पुत्र नबी अहमद निवासी जहांगीराबाद के साथ अपाचे बाइक संख्या यू0पी034 ए0एस0 5813 पर सवार हो बिसवां की ओर कहीं शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर एक बजे जब वह सदरपुर के देबियापुर पुलिस चौकी से आगे स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे तभी जाहिद के आगे चल रही राइडर बाइक संख्या यू0पी034 बी0एस0 6376 के चालक ने बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए अचानक बिना इंडीकेशन बाइक को दाहिने ओर मोड़ दिया जिससे दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सदरपुर पुलिस ने राहगीरों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायलों को बिसवां सीएचसी भेजवाया गया जहां दो घायलों खुबैब व एजाज उर्फ हाफिज जी पुत्र खलील निवासी भदमरा थाना रेउसा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि जाहिद अली की हालत गंभीर होने के कारण परिजन उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही जाहिद ने दम तोड़ दिया। परिवार के लोग उसे घर दानपुरवा ले आये हैं। देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देते हैं तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। मृतक बहुत मिलनसार था और जहांगीराबाद चौराहे पर चूड़ियों की दुकान चलाता था उसके पत्नी के अलावा तीन पुत्रियां और दो पुत्र हैं जिनमें एक पुत्री का विवाह हो चुका है। उसकी मौत की खबर मिलते ही जहांगीराबाद सहित दान पुरवा गांव में सन्नाटा छा गया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के थाना रामपुर कला क्षेत्र अंतर्गत मझिगवां के पच्छतर गांव के पास शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब विसवां-सिधौली मार्ग किनारे लगे कांजी के पेड़ से एक युवक का शव रस्सी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची थाना रामपुर कला पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पहचान कराई। मृतक की पहचान रजनू पुत्र बंशी लाल उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम नसीरपुर थाना विसवां जनपद सीतापुर के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।मृतक के भाई मेवा लाल ने बताया कि रजनू गुरुवार शाम घर से लखनऊ मजदूरी करने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि उसका शव पेड़ से लटका हुआ है।इस संबंध में थाना प्रभारी रामपुर कला लल्ला गोस्वामी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। फॉरेंसिक टीम द्वारा जांच कराई जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गैंगस्टर की 34 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त की 34 लाख से अधिक की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की है। अभियुक्त ने लगातार अपराध कारित कर अवैध अचल सम्पत्ती अर्जित की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के क्रम में थाना रामगढ़ प्रभारी संजीव कुमार दुबे ने पुलिस व राजस्व टीम के साथ थाना रसूलपुर पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अभियुक्त कश्मीरी गेट निवासी गुलबशर की अचल सम्पत्ती एक प्लाट अनुमानित कीमत 23 लाख एक हजार सात सौ पचास रुपये व एक दुकान मोहल्ला कश्मीरी गेट अनुमानित कीमत ग्यारह लाख नब्बे हजार चार सौ रुपये को अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की है।

## रोजगार मेले 300 से अधिक युवाओं का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शनिवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के लखनऊ चैप्टर की ओर से आयोजित रोजगार मेला में 300 से अधिक युवाओं का विभिन्न कंपनियों में प्रारंभिक चयन किया गया।रोजगार मेले का उद्घाटन विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान एवं अवनीश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि यह आयोजन न केवल युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इसके लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की पूरी टीम साधुवाद एवं हार्दिक बधाई की पात्र है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर जे. पी. सैनी उपस्थित रहे।

# बिसवां काशीराम कॉलोनी में डीएम की सख्ती, पात्रों को ही मिलेगा आवास

- डीएम राजागणपति आर ने परखी व्यवस्थाएं, पेयजल और साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश
- 58 आवासों पर अवैध कब्जे का मामला, जल्द कार्रवाई के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज नगर पालिका बिसवां स्थित काशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि 157 आवास है, जिसमें से 13 ब्लॉक है तथा 99 आवासों का आवंटन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 58 आवासों पर कब्जा हैं, कब्जेदारों पर नोटिस जारी कर दी गई है।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिसवां एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आपात्रों से आवास खाली कराये जाएं तथा पात्र व्यक्तियों को ही आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों की जांच सही से की जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आवासों में शुद्ध पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे यहां पर रहने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महमूदाबाद में दर्दनाक सड़क हादसा, एक की मौत, एक घायल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिले के महमूदाबाद क्षेत्र में शनिवार शाम करीब 6 बजे शेखपुर बिलौली के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद याकूब पुत्र मुशाहेब निवासी तरावां थाना बड्डूपुर, तहसील फतेहपुर, जनपद बाराबंकी, उम्र करीब 50 वर्ष अपने बेटे अरशद जिसकी उम्र करीब 18 वर्ष है के साथ मुस्तफाबाद स्थित ससुराल गए थे। ससुराल से वापस तरावां लौटते समय रास्ते में शेखपुर बिलौली के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई।हादसे में मोहम्मद याकूब गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अरशद भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महमूदाबाद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद याकूब को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अरशद का इलाज सीएचसी में जारी है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चेयरमैन के नेतृत्व में नगर पालिका ने विकास के लिए खोला खजाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने बिना किसी भेदभाव के हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी समुदायों को साथ लेकर शहर की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण कार्य कराए हैं। पालिका प्रशासन द्वारा लगभग 85 लाख रुपये की लागत से 29 सीसी सड़कों, नालों, पुलिया और इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इन योजनाओं के पूरा होने पर शहर के कई वार्डों में आवागमन सुगम होगा। चेयरमैन फात्मा रज़ा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। हर वार्ड में ज़रूरत के अनुसार सड़क, नाला और इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे बदायूं शहर सुंदर और व्यवस्थित बने। उन्होने कहा वार्ड संख्या सात में चंदौसी मशीनरी स्टोर की दुकान से रामचन्द्र के मकान तक सीसी रोड कार्य में चार लाख 77 हजार, वार्ड संख्या 17 ऊपरपारा फकरे आलम के मकान से शमशुल के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 19 लाख 9 हजार, वार्ड संख्या 22 मोहल्ला साहूकारा में गुरूदत्त शर्मा के मकान से पंडित राधे रमन के मकान होते हुए पंडित सुशील कुमार वशिष्ठ के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में तीन लाख 53 हजार, वार्ड संख्या 10 मल्होत्रा ग्लास हाउस से नगर पालिका पश्चिमी गेट तक बीसी के साथ सड़क का निर्माण कार्य में चार लाख 42 हजार, वार्ड संख्या 26 मुन्ने भाई के मकान से अब्दुल हकीम के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य में दो लाख 42 हजार, वार्ड संख्या दो नेकपुर में हाकिम सिंह के मकान से गायत्री के मकान तक व बृजपाल सिंह व सुधा शर्मा तक इण्टरलांकिग सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख पांच हजार,कलेक्ट्रेट परिसर में बैडमिटंन कोर्ट हेतु सीसी प्लोरिंग का कार्य में एक लाख 98 हजार, वार्ड संख्या 29 सीसी रोड मय नाली गुले के मकान से गुलशेर मास्टर के मकान तक एक लाख 94 हजार, जिला न्यायालय के अन्दर टंकी के नीचे इण्टरलांकिग का कार्य में तीन लाख 51 हजार, वार्ड संख्या 25 में निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली में सिराज के मकान से पिन्टू के प्लाट तक तीन लाख 30 हजार, वार्ड संख्या 21 में निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली अहमद से आलम के मकान तक चार लाख 71 हजार, वार्ड संख्या 13 में निर्माण कार्य सीसी रोड मथुरिया टायर की दुकान से दीपक साहू के मकान तक निर्माण में 82 हजार 600 छह सौ आएगी। कहा कि वार्ड संख्या 24 में शेख साहब लाईब्रेरी से रफीक मेम्बर तक सीसी कार्य में तीन लाख 66 हजार, वार्ड संख्या छह मोहल्ला जालन्धरी सराय सम्राट अशोक नगर होली चौक से मुस्लिम के मकान से बब्लू के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 14 लाख तीन हजार, वार्ड संख्या छह जालन्धरी सराय में कामिनी के मकान के पास सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 90000, वार्ड संख्या 22 काजीटोला में पंजाबी चौक से टिकटगंज चौराहे जाने वाली रोड पर गुरूद्वारा के पास सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में चार लाख 22 हजार, वार्ड संख्या 27 नईसराय रईस दास खां के मकान से अकबर पेन्टर के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 83 हजार, वार्ड संख्या छह जालन्धरी सराय में तुल्लन ठेकेदार से आले नवी होते हुए हामिद भाई के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 26 हजार, वार्ड संख्या 19 मैथोडिस्ट चर्च निकट इन्द्रा चौक इण्टरलांकिग कार्य में दो लाख 17 हजार, वार्ड संख्या 18 कल्याण नगर (लोची नगला) में देव कुमार केवट के मकान से ज्ञान कश्यप के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य में एक लाख 61 हजार रुपये साथ ही वार्ड संख्या 18 शहबाजपुर में बच्चन के मकान से गप्पू जर्रा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य मे दो लाख 66 हजार, पथिक चौक चौराहे से मीराजी चौकी की ओर बीसी के साथ मरम्मत कार्य में 19 लाख 8700,. वार्ड संख्या 27 में निर्माण नाला कार्य गुलजार के घर से गुड्डू कूलर वाले की दुकान से आगे तक निर्माण में तीन 9 0 हजार, निर्माण कार्य आरसीसी स्लैब मय नाला एप्रोच टिकटगंज तिराहे के सामने निर्माण में पांच लाख, वार्ड संख्या 29 नागरान में जामा मस्जिद के सामने जावेद भाई के मकान से प्राथमिकी विद्यालय हल्का नं0-01 तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 65 हजार, वार्ड संख्या 2 सिविल लाइन नेकपुर में टीकाराम के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में एक लाख 66 हजार, वार्ड संख्या 20 में चौधरी सराय में छुन्नन के मकान से खालिद जमीर के मकान तक तथा साजिया मेम्बर वाली लिंक में नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में दो लाख 91 हजार, वार्ड संख्या 24 बाबू रजा अहमद व मास्टर वसीम अहमद वाली गली में हाजी जी के मकान से अर्शी भाई के मकान होते हुए जावेद आलम के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में चार लाख 9460, टण्डन लेन वाली गली अग्रवाल कार एसेसीरीज से रामलाल जुनेजा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में तीन लाख 99 हजार से होगा। पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि ल्लहमारा उद्देश्य बदायूं नगर को स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना है। जहां वर्षों से नाला, सड़क और जल निकासी की समस्याएं थीं, अब वहां योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम संकल्पित हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे: मेरठ से बदायूं तक 129.7 किमी लंबे सफर की टोल दरें तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल/मुरादाबाद, 23 मई। प्रदेश के लाखों लोगों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' के पहले चरण यानी मेरठ से बदायूं तक फर्राटा भरने का रास्ता और खर्च दोनों साफ हो गए हैं। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त पोषण, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मॉडल पर तैयार हुए इस 129.7 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए वर्ष 2026-27 की टोल दरें आधिकारिक तौर पर तय कर दी गई हैं। नई दरों के मुताबिक, मेरठ के बिजौली से बदायूं के नगला बारह तक का पूरा सफर करने वाले कार चालकों को एक तरफ के लिए 435 रुपये चुकाने होंगे। यह खबर सिर्फ एक टोल की जानकारी नहीं है, बल्कि पश्चिमी यूपी से रुहेलखंड तक व्यापार, समय की बचत और विकास की एक नई रफ्तार की शुरुआत का संकेत है। बता दें कि मेरठ से बदायूं के बीच कुल चार जिले पड़ते है, जिसमें हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा व संभल शामिल है।

**किस वाहन को देना होगा कितना टोल**

इस लंबे सफर के लिए सरकार और यूपीडा ने अलग-अलग वाहनों के लिए टोल की दरें बड़ी बारीकी से तय की हैं। कार, जीप या हल्के मोटर वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किलोमीटर का बेस रेट रखा गया है। इसके आधार पर पूरी यात्रा के लिए कार का एकतरफा टोल 435 रुपये और 24 घंटे के भीतर वापसी करने पर 695 रुपये लगेगा। इसी तरह हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बसों को एक तरफ के लिए 685 रुपये, जबकि भारी ट्रकों और बसों को 1375 रुपये देने होंगे। भारी निर्माण मशीनों (जैसे जेसीबी) के लिए 2105 रुपये और बड़े ट्रेलरों (सात या अधिक एक्सल) के लिए 2715 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है।

> टोल दरों का यह निर्धारण यूपीडा की स्वीकृति के बाद किया गया है। प्रशासन अब इन दरों को नियमपूर्वक लागू कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। प्रशासन की ओर से पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

रोजाना सफर करने वालों के लिए 20 ट्रिप पास की सुविधा एक्सप्रेसवे पर व्यापार या नौकरी के सिलसिले में नियमित यात्रा करने वालों को हर दिन पर्ची कटाने के झंझट से मुक्ति दी गई है। यूपीडा ने 20 एकतरफा यात्राओं (वन-वे ट्रिप) के लिए एकमुश्त पास की सुविधा दी है। मेरठ से बदायूं तक की पूरी दूरी के लिए कार/जीप चालकों को इस पास के लिए 6,970 रुपये चुकाने होंगे। इसी तरह, हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए यह पास 10,940 रुपये, बस/ट्रक के लिए 22,035 रुपये, भारी निर्माण मशीनों के लिए 33,645 रुपये और ओवरसाइज्ड ट्रेलरों के लिए 43,425 रुपये में बनेगा। दोपहिया, तिपहिया और ट्रैक्टर के लिए यह पास 3,485 रुपये का होगा।

**50 करोड़ से महंगे पुलों का भी लगा है चार्ज**

इस एक्सप्रेसवे की टोल दरों में केवल सड़क पर चलने का ही खर्च शामिल नहीं है, बल्कि रास्ते में पड़ने वाले बड़े ढांचों का भी शुल्क जोड़ा गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने किसी भी स्थायी पुल, इंटरचेंज या सुरंग के इस्तेमाल पर अतिरिक्त फीस लगती है। मेरठ से बदायूं के इस 129.7 किलोमीटर के रूट पर ऐसे तीन बड़े पुल आते हैं। इनमें 69.309 करोड़ रुपये, 299.960 करोड़ रुपये और 60.056 करोड़ रुपये की भारी लागत से बने ढांचे शामिल हैं। इन पुलों को बनाने और इनके रखरखाव में आई भारी लागत का एक हिस्सा भी टोल के रूप में यात्रियों से वसूला जाएगा।

**पीपीपी मॉडल से बदल रही प्रदेश की तस्वीर**

यह पूरी परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार की दूरगामी सोच और कार्ययोजना का बेहतरीन उदाहरण है। एक्सप्रेसवे के इस ग्रुप-1 का निर्माण मेसर्स मेरठ बदायूं एक्सप्रेसवे लिमिटेड द्वारा पीपीपी मॉडल के आधार पर किया गया है। टोल वसूली के लिए पूरे रास्ते में नौ टोल प्लाजा की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रा सुगम और पारदर्शी बनेगी।

# जेहटा उसरहा में पेड़ो की अवैध कटान पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव जेहटा उसरहा में वन विभाग की मिलीभगत से प्रतिबंधित पेड़ो की बाग को दिनदहाड़े धराशायी करने वाले लकड़ी कारोबारी और बाग स्वामी के खिलाफ वन विभाग ने मुकदमा दर्ज करवा कर मामले की इति श्री कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव जेहटा उसरहा में वनकर्मियों की मिलीभगत से दिनदहाड़े प्रतिबंधित पेड आम जामुन और महुआ के कई दर्जन पेड़ काटने के मामले ने जब तूल पकड़ा तो वन विभाग हरकत में आया और अपनी खामियों पर पर्दा डालने के लिये स्थानीय पुलिस का सहारा तब लिया जब लकड़ी कारोबारियों द्वारा मौके से लकड़ी उठा ली गई थी। वन विभाग टिकरी बीट प्रभारी राम राज यादव ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि इक्कीस मई को शाम सात बजे दूरभाष से शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम जेहटा उसरहा में हरे भरे पेड़ों का कटान हो गया है। शिकायत प्राप्त होते ही सेक्शन प्रभारी सौरभ यादव के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि ग्राम जेहटा में चार वृक्ष आम सूखा, दो वृक्ष आम हरा, एक वृक्ष जामुन एक वृक्ष महुआ समेत कुल नौ अदद पेड़ों का अवैध कटान मिला। मौके पर बरामद प्रकाष्ठ का फर्द बनाया तथा प्रकाष्ठ को थाना परिसर शिवरतनगंज में रखवाया गया। वन विभाग के वीट प्रभारी राम राज यादव ने बताया कि उपरोक्त वृक्षों का अवैध कटान लकड़ी कारोबारी वसीम पुत्र बकरीदी निवासी ग्राम शिवरतनगंज ने वृक्ष स्वामी गुरुदास पुत्र धिसियावन निवासी ग्राम जेहटा से खरीदकर बिना वन विभाग से पातन अनुज्ञा पत्र लिये कर लिया है। पुलिस ने बीट प्रभारी रामराज यादव की तहरीर पर लकड़ी कारोबारी वसीम और बाग स्वामी गुरुदास के खिलाफ उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धाराओं में अभियोग दर्जकर लिया है और उक्त प्रकरण की विवेचना की जिम्मेदारी उप निरीक्षक मनोज कुमार प्रजापति को सौंपी गई है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को ही मिलेगा उर्वरक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । खरीफ सीजन को देखते हुए शनिवार को कृषि विभाग कार्यालय में जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने खाद डीलर्स के साथ बैठक कर किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को लेकर चर्चा की।बैठक में डीलर्स को निर्देश दिए गए कि फॉर्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि पात्र किसानों को पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।कृषि अधिकारी ने कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने और कालाबाजारी रोकने के लिए नियमित निग रानी की जाएगी।खाद डीलर कुलदीप मिश्रा सहित अन्य डीलर ने विभागीय निर्देशों का पालन करने की बात कही हैं।



# भटक रहा पीड़ित, नहीं हो रही सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। अलापुर कस्बा निवासी बलवीर अपनी आपबीती सुनाते-सुनाते भावुक हो उठा। पीड़ित का आरोप है कि वह अपनी ही जमीन पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहा है। जब भी वह निर्माण शुरू करने की कोशिश करता है, तो किसी न किसी बहाने से थाना पुलिस उसका काम रुकवा देती है, जबकि उसके पास जमीन के स्वामित्व से जुड़े सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। बलवीर का कहना है कि एक दबंग किस्म का व्यक्ति लगातार उसे धमका रहा है और पैसों की नाजायज मांग कर रहा है। विरोध करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब वह न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचता है तो पुलिस ल्लकल आना, परसों आनाङ्ख कहकर उसे लगातार टरका देती है। लगातार हो रही अनदेखी से बलवीर और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने आशंका जताई कि कहीं उसके साथ भी सैजनी के क्ष्एख्र कांड जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो जाए और वह शिकायत करता रह जाए, जबकि आरोपी उसे किसी बड़ी वारदात का शिकार बना दे।पीड़ित ने एसडीएम और सीओ दातागंज से मामले की निष्पक्ष जांच कर सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित को न तो न्याय मिल सका था और न ही थाना पुलिस की ओर से जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कोई अनापत्ति दी गई थी।

# डकैती के चौथे दिन घटनास्थल से एक किमी दूर लूट, नकदी लूटकर भाग बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। इस्लामनगर थाना क्षेत्र में डकैती के चौथे दिन घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे हथियारबंद बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे दंपती और उनके रिश्तेदार को निशाना बनाते हुए तमंचों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। बदमाश महिला के जेवर उतरवाने के साथ ही 50 हजार की नकदी लूटकर भाग गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई, जबकि इस्लामनगर थाने में शुक्रवार शाम को डीआईजी रेंज अजय साहनी भी मौजूद थे। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के मुडिया निवासी जाहिद अपनी पत्नी करिश्मा और साले आमीन के साथ बाइक से इस्लामनगर से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कंधरपुर गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे के नजदीक पहुंची, तभी दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। पीड़ित के मुताबिक, बदमाशों के हाथों में तमंचे थे। उन्होंने बाइक रुकवाकर तीनों को धमकाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने महिला करिश्मा के कानों के कुंडल और तोड़िया उतरवा लिए। साथ ही करीब 50 हजार रुपये की नकदी भी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।

घटना के बाद पीड़ित किसी तरह संभलते हुए पुलिस तक पहुंचे और मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके में कांबिंग शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी रही।

इधर, क्षेत्र में चल रहे उर्स मेले को लेकर पहले से ही पुलिस अलर्ट मोड पर है। बावजूद इसके लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उर्स के दौरान बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी है, इसके चलते क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां भी तेज हो गई है। इसी क्षेत्र में बीते मंगलवार को एक घर में डकैती और चार घरों में लूट की वारदात भी हो चुकी है।

## ई-लाटरी के माध्यम से होगा 02 देशी मदिरा दुकानों का व्यवस्थापनथ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में वर्ष 2026-27 हेतु 02 देशी मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा 29 मई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

## जनपद में 25 मई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 25 मई से 10 जून 2026 तक होगा। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों विकास खण्ड कैसरगंज, चित्तौरा, जरवल, तेजवापुर, नवाबगंज, पयागपुर, फखरपुर, बलहा, महसी, मिहींपुरवा, रिसिया एवं नगरीय क्षेत्रों नगर पालिका परिषद बहराइच, नगर पंचायत जरवल एवं रिसिया की सम्पूर्ण उचित दर दुकानों पर एवं नगर पालिका परिषद् नानपारा की 02 उचित दर दुकानों (दिलशाद अहमद शॉप आईडी-10500117 एवं रक्षाराम-10500120) पर अन्त्योदय राशनकार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (20 कि.ग्रा. चावल, 14 कि.ग्रा. गेहू एवं 01 कि.ग्रा. मक्का उपलब्धतानुसार चावल के स्थान परं समायोजित होने तक) प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिले के अन्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अन्त्योदय काडी पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 10 जून 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

## दीवार काटकर टेंट हाउस में घुसे चोर, हजारों रुपये का माल किया पार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में ओरछी चौराहे के पास शुक्रवार रात एक टेंट हाउस में नकब लगाकर हजारों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ली गई। इस घटना से इलाके में खलबली मच गई। स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। ओरछी चौराहे के समीप स्थित विनोद टेंट हाउस में अज्ञात चोरों ने देर रात पीछे की दीवार में नकब लगाया। चोर दुकान में रखे कीमती सामान और नकदी समेटकर फरार हो गए। शनिवार सुबह जब दुकान मालिक मौके पर पहुंचे, तो उन्हें दुकान का सामान बिखरा मिला और दीवार में नकब देखकर चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। सूचना पर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है।

## रजिस्ट्री ऑफिस से साढ़े तीन लाख की चोरी, तीसरे दिन भी नहीं हो सका खुलासा

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत की रजिस्ट्री कराने आए एक व्यक्ति का बैग शातिर चोर बेंच से पार कर ले गया। बैग में करीब 3 लाख 30 हजार रुपये नकद, बैंक से जुड़े दस्तावेज, रेलवे आईडी कार्ड समेत अन्य जरूरी सामान रखा था। घटना के बाद रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। जबकि पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आरोपी का पता लगा रही है।कछला वार्ड संख्या-01 निवासी किसान उमेश चंद्र सिंह बृहस्पतिवार को अपने खेत की रजिस्ट्री कराने के लिए बदायूं स्थित रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे थे। सुबह से ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराने में वह व्यस्त रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद रजिस्ट्री की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्होंने अपना बैग परिसर में रखी लोहे की बेंच पर रख दिया। इसी दौरान किसी ने मौका पाकर बैग पार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, बैग में एसबीआई की पासबुक, चेकबुक, मोबाइल चार्जर, रेलवे का आईडी कार्ड, सुपरवाइजर डायरी और करीब 3 लाख 30 हजार रुपये नकद रखे थे। पीड़ित ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और काफी देर तक बैग की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## वाटर पार्क में आठ वर्षीय बच्चे की डूबकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। अलापुर थाना क्षेत्र के आमादपुर स्थित एक वाटर पार्क में शनिवार को आठ वर्षीय हसनैन की पानी में डूबकर मौत हो गई। हादसे के समय वाटर पार्क में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। घटना के बाद वाटर पार्क संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। परिजन बच्चे को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार संचालक की तलाश कर रही है।

## संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया, जिसमें सुरक्षित बचपन की निगरानी समिति के समस्त सदस्यों द्वारा जिला कारागार में सुरक्षित बचपन के तहत चिन्हित बच्चों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गय, जिसमें समिति द्वारा बच्चों की समस्त आवश्यकताओं की समीक्षा की गयी। बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ए0सी0एम0ओ, (बाल रोग विशेषज्ञ) को समिति द्वार निर्देश दिये गयें। वर्तमान में 04 बच्चे अपने माता के साथ संवासित है, उनकी आई0सी0पी0 का फॉलोअप तथा बच्चों की समय.समय पर काउसलिंग कराये जाने हेतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा जिला कारागार में संवासित महिला बन्दी के परिवार में घर पर रह रहे बच्चों को योजना से जोडने हेतु आवश्यक दस्तावेजो को सम्बन्धित जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर दस्तावेज तैयार कराये के साथ विभागीय योजना से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मोहन झॉ, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति नन्द किशोर पाठक, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार संरक्षण अधिकारी प्रीती कौशल सामाजिक कार्यकता भमरपाल सिंह अधीक्षक जिला कारागार राजेन्द्र कुमार, अनन्या अत्री उप अधीक्षक कारागार उपस्थित रहें।

# त्यौहारों को परम्परागत तरीके से मनाते हुये किसी भी नई परम्परा की न की जाय शुरूआत : डीएम

## सोशल मीडिया पर भ्रामक फोटो व वीडियो डालने पर होगी कड़ी कार्यवाही : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने उपस्थित विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरुओं एवं अलग अलग क्षेत्रों से आये हुये संभ्रान्त नागरिकों, ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहार बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुये कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाय जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाय तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुये कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष को खुले में न डाला जाय। जिलाधिकारी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी सीएचसी, पीएचसी पर त्योहार के दृष्टिगत एंबुलेंस, डॉक्टरों की उपस्थिति व भीषण गर्मी के दृष्टिगत ओआरएस के साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशाषी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्डा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर उचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी देते वक्त उसका फोटो व वीडियों न बनाये और न ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें साथ ही अराजकता फैलाने वाली पोस्ट से सतर्क रहें। किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाए। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि धार्मिक सवेंदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी को बकरीद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाई-चारे के साथ एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मनाये जाने की अपेक्षा व्यक्त किया तथा कहा कि किसी भी सम्भावित समस्या की दशा में तत्काल स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सम्बंधित अधिकारी को तुरन्त सूचित करें। जिसका अविलम्ब निराकरण कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अंशुमान सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोंडा में कैश एंड कैरी के नाम पर लाखों की लूट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । गैस एजेंसियां घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह लाखों रुपये का चूना लगा रही हैं जागरूक ता और जानकारी के अभाव में उपभोक्ताओं को कैश ऑन कैरी का लाभ नहीं मिल पा रहा है नियमों के मुताबिक गैस की बुकिंग कराने के बाद यदि उपभोक्ता स्वयं गोदाम पर गैस लाने जा रहा है तो एजेंसी को एक सिलेंडर की खरीद पर निर्धारित रेट से डिलीवरी चार्ज 27 रुपये 60 पैसे छूट देने का प्रावधान है। जिले में शहर से लेकर गांव तक तीन पेट्रोलियम कम्पनियों की 75 गैस एजेंसियां संचालित हैं. इनमें हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, इण्डेन और भारत गैस हैं जनपद में करीब पांच लाख से अधिक गैस उपभोक्ता हैं इसमें उज्जवला योजना के लाभार्थी भी शामिल हैं। नियम




के मुताबिक अगर उपभोक्ता ने गैस की बुकिंग कराई हैं और उसे खुद लेने के लिए गोदाम पर जा रहा है तो एजेंसी की ओर से कैश ऑन कैरी उपभोक्ता को 27.60 रुपये देने होते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में जिले में ऐसा नहीं हो पा रहा है. यदि कोई उपभोक्ता नियम की बात कहकर पैसे की डिमांड करता है तो एजेंसी संचालक उसे आंखें दिखाते हैं. एजेंसी संचालक हरमाह उपभोक्ताओं का लाखों रुपये दबा लेते हैं प्रशासन व पूर्ति विभा ग के अफसरों की उदासीनता का खामियाजा घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपनी जेब ढीली कर चुकाना पड़ रहा

**पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों की छत्रछाया में एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं को लगा रहे चूना**

है विवश होकर उपभोक्ता ऊंचे दाम पर गैस सिलेंडर खरीदता है,जबकि उपभोक्ताओं से प्रत्येक माह एजेंसी संचालक लाखों रुपये वसूल रहे हैं यह खेल जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल की एजेंसियों पर खेला जाता है फिलहाल पेट्रोलियम के अधिकारियों की अनदेखी उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रही है।इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसी शिकायतों को लेकर सभी पेट्रोलियम कंपनियों को निर्देशित किया गया है अगर कोई अनियमितता पाई गई,तो उसके खिलाफ मुकदमा कायम किया जाएगा।

# दो माह पहले वाटर कूलर लगने का आदेश, लेकिन फिर भी नहीं नसीब हो रहा ठंडा पानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । नगर पालिका द्वारा मार्च 2026 में तीस नए वाटर कूलर लगाने के लिए एक टेंडर प्रक्रिया कराई गई थी यह कार्य लखनऊ की फर्म ऑर्बिटल इंडिया को तीन महीने के भीतर गोंडा जिले के तीस अलग-अलग स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कर चालू करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि दो महीने बीत जाने के बाद भी एक भी स्थान पर वाटर कूलर नहीं लगा है।इस लापरवाही पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।उन्होंने गोंडा नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विशाल कुमार ने ऑर्बिटल इंडिया



फर्म को नोटिस जारी किया है।नोटिस में फर्म को एक सप्ताह के भीतर सभी वाटर कूलर स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों में कार्य पूरा नहीं होता है, तो संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।फर्म के मालिक उमर खुर्शीद को भी यह नोटिस भेजा गया है।निर्देश दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर सभी स्थानों पर तत्काल प्रभाव से नए वाटर कूलर की स्थापना करके उसे चालू कर विभाग को रिपोर्ट दी जाए।ये नए वाटर कूलर अंबेडकर चौराहा,आयुक्त कार्यालय परिसर, जिलाधिकारी कार्यालय,महिला अस्पताल,मेडिकल कॉलेज सब्जी मंडी,गल्ला मंडी और मछली मंडी सहित तीस सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाने थे।ताकि भीषण गर्मी के दौरान लोगों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े रास्ता जा रहे लोग इन्हीं वाटर कूलर से ठंडा पानी पीकर के अपने आप को गर्मी से बचा सके।वहीं नगर पालिका गोंडा के अधिशासी अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए इन वाटर कूलरों का अब तक चालू हो जाना चाहिए था।कंपनी की लापरवाही के कारण देरी हुई है।

# करोड़ों की ठगी करने वाले, 09 शातिर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा, 14.87 करोड़ रुपये फ्रीज

गोंडा । पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी बैंक खातों के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।पुलिस ने गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सैकड़ों पासबुक, एटीएम किट, मोबाइल फोन और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।जांच के दौरान करीब 14 करोड़ 87 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराए गए हैं। गिरोह कई राज्यों में ऑनलाइन ठगी के नेटवर्क से जुड़ा मिला है।गोंडा पुलिस की साइबर सेल और नगर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए साइबर अपराध से जुड़े बड़े गिरोह का खुलासा किया है।पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जो म्यूल खातों के जरिए करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में अमन सिंह,कुलदीप वर्मा, रोहित सिंह, सूरज कुमार सिंह, मोहित सिंह, रंजीत कुमार,मोहम्मद आरिफ,मोहम्मद समीर और आलोक गुप्ता शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 347 बैंक पासबुक,177 एटीएम किट,22 आधार कार्ड, 9 पैन कार्ड, 10 मोबाइल फोन,2 चेकबुक, 3 सिम कार्ड, 3 बाइक समेत नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार साइबर सेल लंबे समय से



संदिग्ध बैंक खातों और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर नजर रख रही थी। जांच के दौरान ऐसे खातों की जानकारी मिली।जिनमें अलग-अलग राज्यों से साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर हो रही थी।मोबाइल नंबर, आई पी एड्रेस और डिजिटल ट्रांजेक्शन के तकनीकी विश्लेषण के बाद गिरोह के सदस्यों की पहचान की गई।सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर उनके बैंक खाता एटीएम पासबुक सब कुछ ले लेते थे इसके बाद पुलिस टीमों ने निगरानी शुरू की। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।जांच में सामने आया कि गिरोह भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने,नया बैंक खाता खुलवाने और अन्य लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबर अपने कब्जे में ले लेता था।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग,ट्रेडिंग और साइबर फ्रॉड से आने वाली रकम को ट्रांसफर और निकालने के लिए किया जाता था।ठगी से प्राप्त रकम को अलग-अलग खातों में घुमाकर नकद निकाला जाता था और फिर गैंग के सदस्य आपस में बांट लेते थे। इसके बदले उन्हें 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था।जांच में कुल 46 बैंक खाते सामने आए हैं। इनमें से 17 खातों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 212 शिकायतें दर्ज मिली हैं। शिकायतें दिल्ली, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तराखंड, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों से जुड़ी पाई गई हैं।पुलिस ने अब तक लगभग 14.87 करोड़ रुपये विभिन्न खातों में फ्रीज कराए हैं।वहीं, गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# जिले में सरकारी डाक्टर खुले आम चला रहे है प्राइवेट हॉस्पिटल

**ग्रामीण अंचल से लेकर जिला मुख्यालय तक सरकारी डाक्टरो का रैकट सक्रियं**

**सीएमओ जानबूझ कर नही करते सरकारी डाक्टरो पर कार्यवाई,लोगो में आक्रोश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । ग्रामीण अंचलो से लेकर जिला मुख्यालय तक अधिकांश नर्सिंग होम सरकारी डाक्टर के भरोसे चल रहे है।संचालक अस्पताल खोलकर बैठते है और मरीज को देखने से लेकर आपरेशन करने तक पूरी जिम्मेदारी सरकारी डाक्टर निभाते है।आपरेशन करके अस्पताल में छोड़कर सरकारी डाक्टर दूसरे अस्तपाल में फ़ेरी लगाने के लिए चले जाते है और अस्पताल में नान मैट्रिक पास लोगो के हवाले छोड़ देते है।योगी सरकार के अंकुश लगाने के बाद भी सरकारी डाक्टर प्राइवेट अस्पतालो के संचालन में पूरा सहयोग कर रहे है,ज्यादातर




अस्पतालों में एक नाम के डाक्टर का नाम लिखा मिल जाता है।सबसे मजे की बात यह है कि प्राइवेट अस्पतालो में जिन डाक्टरो का नाम लिखा जाता है उनमें से बहुत कम ही डाक्टर मौके पर मौजूद मिलते है।जिन भी प्राइवेट अस्पतालो का पंजीयन हुआ है उनमें अधिकांश डाक्टर फैजाबाद प्रयागराज,गोरखपुर, सुल्तानपुर के बताये जाते है। लेकिन पैसे नाम वाले चिकित्सक कभी आते नही है।विभागीय सूत्रो की बातो को माने तो अस्तपाल संचालक प्रत्येक माह डाक्टर को रूपये देते है और उनकी मौन स्वीकृति रहती है।सबसे बेहद गंभीर बात यह है कि प्राइवेट अस्पताल संचालक सीएचसी,पीएचसी,जिला महिला अस्पताल और जिला अस्तपाल के डाक्टरो को बुलाकर अपना अस्पताल धड़ल्ले से चला रहे है।सरकारी डाक्टर प्राइवेट अस्पताल में ज्यादा समय सेवा दे रहे है जिसके कारण सरकारी अस्तपाल की व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गयी है।इतना ही नही सरकारी अस्पतालो में आने वाले मरीजो को सेटिंग वाले प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए बुलाते है। मरीजो से इलाज के नाम पर मोटी रकम लेकर उनका आपरेशन भी किया जा रहा है।आलम यह है कि सरकारी अस्पताल दिनो दिन बदहाल होते जा रहे है।मरीजो को सरकारी चिकित्सक जान बूझकर सुविधाए नही देते है।

कोई न कोई कमी बता कर डाक्टर रेफर कर देते है।डाक्टर के दलाल मरीजो को सेटिंग वाले अस्पताल में लेकर पहुंच जाते है।बाद में सरकारी अस्तपालो के डाक्टर ही प्राइवेट अस्पतालो में मरीज का इलाज और आपरेशन करते है। जिले में दर्जन भर से अधिक संविदा चिकित्सक ऐसे है जो खुद अस्तपाल का संचालन कर रहे है।

# विधि वाणी के कार्यक्रम में नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। विधि एवं कर अधिवक्ताओं के सम्मान और उनके योगदान को समर्पित विधि वाणी के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में एक भव्य सेमिनार का आयोजन जिला कर अधिवक्ता कौशाम्बी के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए अधिवक्ताओं एवं कर विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। सेमिनार में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जस्टिस संजय मिश्रा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने कर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा



कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन से पधारे महासचिव सौरभ मद्धेशिया एडवोकेट एवं ऑडिटर ईशान श्रीवास्तव एडवोकेट को विशिष्ट अतिथि हर्ष शर्मा एडवोकेट, फाउंडर विधि वाणी द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन के फाउंडिंग मेंबर्स एवं कार्यकारिणी सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। सेमिनार में विधिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा अधिवक्ताओं के अनुभवों एवं सुझावों का आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम का वातावरण सम्मान, उत्साह और सौहार्द से परिपूर्ण रहा।

# दो दिवसीय महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव का समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। पौराणिक चित्तौरा झील (महाराजा सुहेलदेव विजय स्मारक) के तट पर आज सरयू आरती व पूजन अर्चन मनाए जाने का कार्यक्रम तय किया गया है। चित्तौरा स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर चल रहे दो दिवसीय महाराजा सुहेलदेव विजय महोत्सव का समापन कार्यक्रम सरयू आरती व जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ होगा। आयोजन महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति की ओर से किया जा रहा है। महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति द्वारा प्रस्तावित सरयू आरती कल 24 मई 2026 दिन रविवार सायं 7 बजे प्रारंभ होगा।आयोजित समिति के सदस्य संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट (अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन-अवध) ने बताया कि



जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल परिसर में दो दिवसीय महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव-2026 कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। 24 मई शाम 7 बजे सरयू आरती व पर्यावरण संरक्षण संकल्प के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।सचिव महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति दिलीप कुमार अर्जुन व पर्यावरणविद हरीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जनपद में लगातार जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में पौराणिक चित्तौरा झील (अष्टावक्र मुनि तपोस्थली) के तट पर भव्य सरयू आरती कार्यक्रम अयोजित किया गया है। अयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी बहराईच अक्षय त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धरवंता ने चित्तौरा झील का भ्रमण तत्पश्चात बैठक का आयोजन कर प्रस्तावित कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।बैठक में प्रमुख रूप से पीठाधीश्वर हनुमंत आश्रम नगरौर स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज, राजभर समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष राणा विजय राजभर, जिलाध्यक्ष अशोक राजभर, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष आर0पी0 गोयल सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी, पर्यावरणविद व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# करनैलगंज मनरेगा भ्रष्टाचार ! भीषण गर्मी में सर्दी की फोटो की जा रही अपलोड

**जहागिरवा,बूढ़ालिया,कैथोंली,काशीपुर,वर्तारा,डूडी में मनरेगा योजना में चल रहा है लूट का खेल**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । विकास खंड करनैलगंज की ग्राम पंचायतो में फर्जीबाड़ा रुकने का नाम ही नही ले रहा है।यहा कागजों में भरे जा रहे मनरेगा मजदूर शासन की मोबाइल मॉनिट्रिंग सिस्टम को सीधा चुनौती दे रही है।विकास खंड की ग्राम पंचायत डूड़ी जहागिरवा,काशीपुर,वरतरा में असल फर्जीबाड़ा मनरेगा के साइड पोर्टल पर देखने को मिला जोकि विभागीय तौर पर जाँच का विषय है। इस सूर्य की भीषण तपन और 44 डिग्री के तापमान में मनरेगा मजदूरों को ठंड लग रही है। यह हम नहीं विकास



खंड करनैगंज की ग्राम पंचायत वर्तारा में मनरेगा की साइड के पोर्टल पर साफ-साफ देखा जा रहा है वह भी मौखिक नहीं, तस्वीर के साथ आखिर तभी तो मजदूर अपने बदन को ऊनी कपड़ों से ढके काम कर रहे हैं।या फिर यूं कह सकते हैं कि विकास खंड रामपुरा के रोजगार सेवक मजदूरों को गर्मी में शिमला और नैनीताल की सैर करा रहे हैं,इसलिए मजदूरों ने ऊनी कपड़े पहन रखे है। मजदूर ग्राम पंचायतो में सड़क पर मिट्टी पटाई,सीसी रोड़,तालाब सुंदरीकरण, नाला खुदाई आदि काम किया जा रहा है। जिसमें गांव के मजदूर सर्दी के ऊनी कपड़े खड़े फोटो खिचवा रहे है। अब ऐसे में सवाल यह है कि मजदूरों को 44 डिग्री तापमान में सर्दी किस प्रकार लग रही है।नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर अपलोड फोटो ने मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर राशि निकासी के खेल को उजागर कर दिया है।दरअसल,मनरेगा की योजनाओं में एनएमएमएस पर दैनिक उपस्थिति के साथ काम करने वालों मजदूरों की तस्वीर अपलोड की जाती है।करनैलगंज के विकासखंड के गांवो मे श्रमिक अदृश्य तरीके से काम करते हुए दिखाए गए हैं,करनैलगंज क्षेत्र की तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल चल रहा है।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला तकनीकी इकाई का हुआ गठन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कुशल संचालन एवं अनुरक्षण में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण एवं इस हेतु तकनीकी मानव संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), बहराइच की अध्यक्षता में जिला तकनीकी इकाई (डीटीयू) का गठन किया गया है। जनपद में गठित जिला तकनीकी इकाई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि./या.), उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा, अधि.अभि. सिचाई खण्ड, जिला पचायतराज अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, सहायक विकास अधिकारी, पंचायतीराज (तकनीकी), अधि.अभि., खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) द्वारा नामित जनपद स्तरीय लैब के कैमिस्ट, भूगर्भ जल विभाग गोण्डा के प्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य जिला सूचना अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

## छात्रावास निर्माण के लिए शिक्षण संस्थाओं से मांगे गये प्रस्ताव

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावास निर्माण की केन्द्र प्रायोजित योजना के अन्तर्गत 15 दिनों में प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए है। जनपद में निर्मित राजकीय शिक्षण संस्थाएं यथा- मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. एवं महाविद्यालयों में वरीयता एवं आगामी वर्षों में छात्रों के आवासित होने की आवश्यकता के आधार पर छात्रावास निर्माण कराया जाना है। उन्होनें बताया कि इच्छुक शिक्षण संस्थाएं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं (पीएम यशस्वी योजना) के लिए छात्रावासों के निर्माण की केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत प्रस्ताव कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, विकास भवन, बहराइच में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, बहराइच में सम्पर्क कर सकते है।

# विधानसभा चुनाव से पहले बसपा को बड़ा झटका पूर्व प्रत्याशी अशोक राजा सपा में शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।विधानसभा 129 सीट पर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है बहुजन समाज पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब वर्ष 2022 में बसपा के टिकट पर पूरनपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रत्याशी अशोक राजा ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अशोक राजा ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और समाजवादी विचारधारा के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया राजनीतिक जानकारों की मानें तो अशोक राजा का सपा में शामिल होना पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को नई मजबूती दे सकता है।अशोक राजा का क्षेत्र में अपना जनाधार माना जाता है और बसपा समर्थक वोटों में भी उनकी पकड़ बताई जाती रही है ऐसे में उनके सपा में आने से स्थानीय राजनीतिक समीकरण बदलने की चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है। कि सपा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अभी से संगठन विस्तार और सामाजिक समीकरण मजबूत करने में जुटी हुई है इसी रणनीति के तहत अन्य दलों के प्रभावशाली नेताओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान भी चलाया जा रहा है अशोक राजा के सपा में शामिल होने के बाद पूरनपुर की राजनीति में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक गलियारों में इसे बसपा के लिए नुकसान और सपा के लिए रणनीतिक बढ़त के रूप में देखा जा रहा है।

# समर कैंप में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। परिषदीय विद्यालय के बच्चे लगातार समर कैंप के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। छुट्टियों के दौरान भी पढ़ाई से जुड़े रहने के लिए शुरू किए गए इस कैंप में बच्चे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।समर कैंप में कक्षा 6 की उजाला, सेजल और कक्षा 7 की सोनम, मन्नत सहित अन्य छात्र-छात्राएं ऑनलाइन कार्य कर रहे हैं। बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों, सामान्य ज्ञान और डिजिटल शिक्षा से भी जोड़ा जा रहा है। शिक्षिका जिला नोडल मीना मंच पूनम सहगल के निर्देशन में बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाया जा रहा है।समर कैंप का उद्देश्य छुट्टियों में बच्चों की पढ़ाई को निरंतर बनाए रखना और लर्निंग गैप को कम करना है। ऑनलाइन माध्यम से बच्चों को असाइनमेंट, वीडियो लेक्चर और प्रोजेक्ट वर्क दिए जा रहे हैं, जिन्हें बच्चे घर बैठे पूरा कर रहे हैं। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चे मोबाइल का सदुपयोग सीख रहे हैं और पढ़ाई से जुड़े रह रहे हैं।शिक्षिका पूनम सहगल ने बताया कि कैंप में बच्चों की उपस्थिति और प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस पहल से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे नई तकनीक से भी जुड़ रहे हैं।

## डीएम-एसपी की संयुक्त कार्रवाई से खनन माफियाओं में खौफ, देवहा घाट पर औचक निरीक्षण

पीलीभीत। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त अभियान छेड़ रखा है अमरिया तहसील क्षेत्र में शुक्रवार देर रात जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह के नेतृत्व में चलाए गए 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई की गई छापेमारी के दौरान खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को मौके से जब्त कर न्यूरिया थाने में सीज कर दिया गया, जबकि मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गईं खनन अधिकारी को गोपनीय सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित समय में अवैध खनन किया जा रहा है सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया फरार वाहन चालकों और खनन माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है वहीं शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक माधव सुकीर्ति मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ देवहा नदी तट स्थित ग्राम पकड़िया नौगवां के स्वीकृत बालू पट्टा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया जांच में सभी सीमा स्तंभ सही पाए गए और ई-एमएम-11 प्रपत्र के जरिए वैध परिवहन की पुष्टि हुई अधिकारियों को पट्टा क्षेत्र के बाहर किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं मिला डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने साफ कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# गौरीगंज के विकास और जनता के सम्मान के लिये सदैव संघर्ष करता रहूंगा : राकेश प्रताप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




क्षेत्र पंचायत गौरीगंज की बैठक में जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

अमेठी । विकास क्षेत्र गौरीगंज के सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास और मान सम्मान के लिये सदैव संघर्ष करता रहूंगा। गौरीगंज की जनता ने मेरे परिवार को जो प्यार स्नेह और आशीर्वाद दिया उसे भुलाया नही जा सकता है। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल आगामी छब्बीस मई को समाप्त हो रहा है अब कार्यकाल बढ़ाया जायेगा या फिर प्रशासक नियुक्त किया जायेगा यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों ने अपने गांव के विकास के लिये उत्कृष्ट कार्य कर गांव का शत प्रतिशत विकास कार्य किया है इसीलिये यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने जो अपनापन दिया है उसे कभी भूला नही जा सकता है जब आपके बेटे भाई का सम्मान दांव पर लगा तब आप लोगों ने जिस मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ताकत देने का काम किया उसे भुलाया नही जा सकता है यही प्यार स्नेह हमेशा बनाकर रखियेगा। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि गौरीगंज पर जब कोई संकट आयेगा तो मेरा परिवार सदैव खड़ा रहेगा।कुछ लोग पद पाकर लोग पगला जाते हैं वह यह भूल जाते हैं कि पद प्रतिष्ठा क्षणिक है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने बीडीसी, तीन बार जिला पंचायत सदस्य और पांच बार ब्लाक प्रमुख के साथ ही तीन बार विधायक बनाया इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष बनाया है। इसके लिये मै आप सबका सदैव आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं सात साल में सरकार के साथ नही रहा तो गौरीगंज का बहुत नुक़सान हुआ पिछले दो साल से सरकार के साथ हूं तो यूपी की दस विधानसभाओ में गौरीगंज के विकास के लिये सर्वाधिक पैसा आया है। गौरीगंज की बहत्तर नई सड़कों का निर्माण,चौदह सड़कों का चौड़ीकरण, छह धमार्थ सड़क बनाने के लिये मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिया है। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने जल जीवन मिशन योजना और विद्युत विभाग के अधिकारियों को तलब करते हुये मनमानी पर सवाल जबाब किया तो दोनों विभागों के अधिकारी अगले बगले झांकने लगे जिस पर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि बिजली कटौती पर अंकुश लगाया जाय और आंधी तूफान में जो खम्भे गिर गये हैं उनको दुरुस्त कराते हुये उपभोक्ताओं को निर्धारित बिजली मुहैया कराई जाय। विधायक राकेश प्रताप सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने किया।ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह,कमला शंकर मिश्र,प्रधान संघ अध्यक्ष अश्वनी पाण्डेय, ललित सिंह, जदुनाथ मौर्य, पवन सिंह, पंकज पाण्डेय,अभय सिंह जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह राहुल शुक्ला,रामसुफल सरोज, अजय सिंह, रवि मिश्रा सहित समस्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शाहजी मियां का उर्स बड़े ही धूमधाम से हुआ संपन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में उर्से शाहजी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया इस मौके पर नगर पूरपुर की सभी मस्जिदों में हाजी शाहजी मियां के कुल शरीफ की फातेहा हुई नगर की रज़ा मस्जिद, गुलजारे फरीद ,गरीब नमाज मस्जिद में भी कुल शरीफ हुआ जिसमें अक़ीदतमंदो ने शिरकत की इस दौरान पूरनपुर देहात स्थित तौफ़ीक़अहमद क़ादरी के कार्यलए पर भी शाहजी बाबा के कुल शरीफ की फातेहा हुई इस अवसर पर उनकी नूरानी जिंदगी पर रौशनी डाली गई हाफिज जकी खान नूरी ने बताया की शाहजी मोहम्मद शेर मियां को अपनी माँ की बड़ी खिदमत करने से भी बड़ा मक़ाम अल्लाह की तरफ से अता हुआ. आप अल्लाह हु की जर्ब लगाया करते प्द्दद्ग और रिजके हलाल से अपनी रोजी रोटी चलाते थे और कंघी बेचकर जिंदगी गुजारा करते थे और अपने पीरों मुर्शिद जो की भटपुरा शरीफ जो की रामपुर में है वहां जाकर अपने पीरो मुर्शीद को खाना पहुंचा करते थे शाहजी बाबा अल्लाह पाक की दिन-रात इबादत में मशगूल रहते थे आप खिदमते खलक को भी इक इबादत की तरह बताया करते थे इस दौरान तौफ़ीक़अहमद क़ादरी ने कहा की हमें आप को भी शाहजी बाबा के बताये रास्ते पर चलने की कोशिश करनी चाहिए इस दौरान कार्यलए पर तहरी का लंगर हुआ लंगर में मुख्य रूप पद्ग तौफ़ीक़अहमद क़ादरी नादिर रज़ा थ्थन्द्मथप्द्ध अहतेशाम अली रईस अहमद जावेद रज़ा शान मोहम्मद मानु अली इत्यादि सहित दर्जनों लोग थे।

## पीड़ित परिवार का आरोप- दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी,चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्राम जितौरिया टांडा में मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पीड़ित हरिओम पुत्र ईश्वर दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मई 2026 की रात करीब नौ बजे गांव के ही रमाकांत, लालता प्रसाद, सुशील और आदेश उसके घर के सामने खड़े थे विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट पर उतारू हो गए पीड़ित का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी बेटियों प्रान्शी और दामिनी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे सभी को चोटें आईं हरिओम ने आरोप लगाया कि लालता प्रसाद और आदेश ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया शोर सुनकर पड़ोसी कन्धईलाल और पीड़ित की पत्नी मौके पर पहुंचे, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा, बुजुर्ग से मारपीट मामले में कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांव खमरिया पट्टी में खेत की मेड तोड़ने के विवाद में बुजुर्ग के साथ हुई मारपीट के मामले में आखिरकार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद थाना पूरनपुर में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई गांव निवासी श्यामाचरण ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि उनके सगे भाई सेवाराम समेत कई लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया था मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे हरिओम को भी पीटा गया पीड़ित का आरोप था कि थाना पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी एसपी के हस्तक्षेप के बाद अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है वहीं गांव में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

## पंचायत सचिवालय में तीसरे दरवाजे को लेकर ग्रामीण ने उठाए सवाल सीडीओ से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमरैया कला में पंचायत सचिवालय पर कथित रूप से बिना औचित्य तीसरा दरवाजा लगाए जाने का मामला सामने आया है गांव निवासी रामदास ने इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पंचायत सचिवालय का मुख्य प्रवेश द्वार पहले से ही सड़क की ओर बना हुआ है तथा एक छोटा दरवाजा भी मुख्य मार्ग पर खुलता है इसके बावजूद ग्राम प्रधान और कुछ कथित भूमाफियाओं द्वारा पंचायत सचिवालय के बीच से रास्ता निकालने के उद्देश्य से जबरन तीसरा दरवाजा लगाया जा रहा है रामदास का आरोप है कि गाटा संख्या 188 खलियान और 189 नवीन परती भूमि पर कब्जा करने वाले लोग उनकी भूमि गाटा संख्या 159 व 187 से रास्ता मांग रहे हैं मामले की शिकायत ग्राम पंचायत अधिकारी से की गई, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम पंचायत अधिकारी ने उत्तर दिशा में अधिकारियों के आवागमन और चारपहिया वाहनों की सुविधा का हवाला दिया, जबकि सचिवालय का मुख्य मार्ग पहले से मौजूद है ऐसे में तीसरा दरवाजा लगाए जाने को उन्होंने पूरी तरह औचित्यहीन बताया है ग्रामीण ने मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि पंचायत सचिवालय में प्रस्तावित तीसरा दरवाजा रुकवाया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए

## एसपी ने निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा गौरीगंज स्थित निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और कार्य की बारीकियों की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा व निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन किया जाय और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो व परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

## आय से छह गुना अधिक संपत्ति मामले में रिटायर्ड वरिष्ठ लिपिक विजिलेंस के शिकंजे में

सुलतानपुर/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में तैनात रहे सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक भानु प्रताप सिंह पर विजिलेंस का शिकंजा कस गया है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में विजिलेंस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मूल रूप से अमेठी जनपद के मुंशीगंज निवासी भानु प्रताप सिंह वर्ष 2020 में सेवानिवृत्त हुए थे। शासन के निर्देश पर अप्रैल 2023 में उनके वर्ष 1992 से 2020 तक के सेवाकाल के दौरान अर्जित चल-अचल संपत्तियों की जांच कराई गई। अयोध्या सेक्टर की विजिलेंस टीम की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार सेवाकाल में भानु प्रताप सिंह की वैध आय कुल 70 लाख 38 हजार 405 रुपये पाई गई, जबकि इसी अवधि में उन्होंने संपत्ति खरीद, भरण-पोषण और अन्य मदों में 4 करोड़ 39 लाख 28 हजार 884 रुपये खर्च किए। जांच में आय और व्यय के बीच 3 करोड़ 68 लाख 90 हजार 479

# नगर के पार्क में सजा समर कैंप, बच्चों की मस्ती के बीच वितरण किए उपहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर के संजय गांधी पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के सौजन्य से आयोजित एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में 'जे आर प्रिपरेटरी स्कूल' के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर दिनभर आनंद उठाया समर कैंप के आयोजन से बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बाबूराम पासवान ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया विधायक ने बच्चों को उपहार भेंट कर स्नेह और आशीर्वाद दिया उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और मनोरंजन भी बेहद आवश्यक हैं इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता की भावना भी विकसित करते हैं समर कैंप के दौरान बच्चों ने पार्क में लगे विभिन्न झूलों का जमकर आनंद लिया इसके साथ ही कई मनोरंजक खेल, समूह गतिविधियां और हंसी-खुशी से भरपूर कार्यक्रम आयोजित किए गए बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया और गर्मी की छुट्टियों के बीच इस विशेष आयोजन का भरपूर आनंद उठाया कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर बच्चों की किलकारियों और उल्लास से गूंजता रहा इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल, लेखाकार दिनेश भारती, प्रियांशु गुप्ता, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के लिए यादगार अनुभव साबित होते हैं और उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# एसपी चारू निगम का बड़ा एक्शन, करौंदी कला थाने में इंस्पेक्टर की तैनाती, कई चौकियों पर फ़ेरबदल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए अपने सख्त और एक्शन वाले अंदाज का परिचय दिया है। लगातार अपराध नियंत्रण और स्मार्ट पुलिसिंग पर फोकस कर रहीं एसपी ने करौंदी कला थाने में इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी की तैनाती कर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि लापरवाही अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।

कादीपुर में इंस्पेक्टर क्राइम की जिम्मेदारी संभाल रहे अश्विनी कुमार सिंह को अब करौंदी कला थाने का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं अब तक थाना अध्यक्ष की कुर्सी संभाल रहे दरोगा ज्ञानेश दूबे को वलीपुर रिपोर्टिंग चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम लगातार जिले की कानून व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। बीते दिनों दो दर्जन गोवंशों के मृत मिलने की घटना के बाद से पुलिस महकमे में लगातार हलचल बनी हुई है और जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जा रही है। एसपी के नेतृत्व में सुलतानपुर पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। हाल के दिनों में कई बदमाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए, जिससे अपराधियों में खौफ और आम जनता में भरोसा बढ़ा है। तेज कार्रवाई और त्वरित निर्णय क्षमता के चलते पुलिस अधीक्षक चारू निगम की कार्यशैली जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। लगातार हो रहे फ़ेरबदल को कानून व्यवस्था मजबूत करने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

# झोपड़ियों पर जब आसमान गिर रहा आज, कैसे महलों के गीत भला कवि गायेगा : जटायु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## कटका क्लब अध्यक्ष के जन्मदिन पर हुआ कवि सम्मेलन सम्मानित की गईं प्रतिभायें

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु व संचालन हरिनाथ शुक्ल हरि ने किया।

नरेंद्र शुक्ल ने वाणी वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की । अमेठी के अजय जायसवाल अनहद ने सुनाया- छालों से भरे पांव तो घुटने के बल चलो ,डिग्री जला के मौत के फंदे न चढ़ो तुम । कवि अभिजीत त्रिपाठी की पंक्तियां थीं - मैं राजधर्म आदर्शों का आयाम नहीं बन पाऊंगा ,तुम सीता न बनो प्रिये मैं राम नहीं बन पाऊंगा। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने दोहा सुनाते हुए कहा - राजनीति के गर्भ से निकली ऐसी चीख, लोकतंत्र है मर गया जनता मांगे भीख । उनके चर्चित कविता की पंक्तियां थीं - हो गया काफी समय सत्ता सम्भाले आपको, मेरे साहब अब तो अपनी जुमले बाजी छोड़िये। अध्यक्षता कर रहे आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने सुनाया - झोपड़ियों पर जब आसमान गिर रहा आज, कैसे महलों के गीत भला कवि गायेगा । कवियों लेखनी संभालो वाणी मुखर करो, देखो सारा जग अनुगामी बन जायेगा। रोहित राय ने ठहर जाओ नहीं जाओ मेरे दिल ने पुकारा है। मेरी दुनिया मेरे हमदम मेरा सबकुछ तुम्हारा है सुनाकर वाहवाही बटोरी।कवयित्री कान्ति सिंह ने हे रामा फिर से आई जाए बचपनवा कविता पढ़ी ।सर्वेश कांत वर्मा सरल ने सुनाया शायद मेरे लिए वो कमाल निकलेंगे,मेरे दर्द में पेरासिटामोल निकलेंगे । जिनसे मांगा मैंने जख्म में मरहम, क्या पता वो दर्द के दलाल निकलेंगे। संचालक हरिनाथ शुक्ल हरि ने सुनाया दीप बन कर जलो जिंदगी में सदा, मेरे दीवाने दिल की यही है दुआ । कवि नरेन्द्र शुक्ल की पंक्तियां थीं-तन्त्र जिनकी मुट्ठियों में कैद था ,डर रहे हैं आज चौकीदार से। कवि सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख धनपतगंज प्रतिनिधि त्रिनेत्र पाण्डेय, सुनीता श्रीवास्तव, नफीसा खातून, सत्यम चौरसिया, कमल नयनम तिवारी, रजनीश, वीर विक्रम सिंह आदि कवियों ने अपनी कविताएं पढ़ी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मां कामाख्या धाम के पीठाधीश्वर इन्द्रेश कौशिक महराज, संस्था के संरक्षक राजकुमार मिश्र व प्रदेश प्रभारी डॉ ऋषभदेव शुक्ल ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला व प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों का अभिनंदन किया।

# आजमगढ़ से चोरी की गई बाइक के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी,थाना रामगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत आजमगढ़ से चोरी की गई एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल फोन के साथ अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में शनिवार को थाना रामगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर मोटरसाइकिल सवार अम्बेश तिवारी उर्फ राज तिवारी पुत्र दिनेश चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम सिधाई थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 50 डीएफ 8392 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक सैमसंग मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार बदमाश ने बताया कि एक माह पूर्व मै अपने परिचित के यहां आजमगढ़ गया था उनके घर के पास चाभी लगी मोटरसाइकिल खड़ी थी उसी पर मोबाइल भी रखा था आस पास किसी के न दिखाई देने पर वह मोटरसाइकिल व मोबाइल चुरा लिया था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष रामराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद आजमगढ़, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कुल सात अभियोग पंजीकृत हैं।

## न्यूज 7 चूल्हे की चिंगारी बनी हादसे की वजह, 19 वर्षीय विवाहिता गंभीर रूप से झुलसी

पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के बागर गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया चूल्हे पर खाना बनाते समय 19 वर्षीय विवाहिता गंभीर रूप से झुलस गई हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार, बागर गांव निवासी सपना (19) पत्नी कपिल शनिवार सुबह करीब 9 बजे घर की रसोई में चूल्हे पर खाना बना रही थी इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने उसके कपड़ों में आग पकड़ ली देखते ही देखते आग की लपटों ने उसे अपनी चपेट में ले लिया सपना की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कंबल व पानी की मदद से किसी तरह आग बुझाई महिला को बचाने के प्रयास में उसका पति कपिल भी मामूली रूप से झुलस गया ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से झुलसी सपना को तुरंत पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी सक्रिय हो गई ।

## सम्पादकीय

# लू से हलकान जिंदगी

हाल के दिनों में आसमान से बरसती आग से देश में जन-जीवन बुरी तरह झुलस रहा है। रोज तापमान बढ़ने के नये रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। ये असहनीय तापमान केवल स्वास्थ्य की चुनौती मात्र नहीं है, बल्कि एक आर्थिक संकट भी है। देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक भीषण गर्मी में काम करने को मजबूर हैं। यदि वे ऐसा न करें तो उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो जाता है। स्कूल-कालेज तो लू के दौरान बंद किए जा सकते हैं, सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में काम के घंटों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर व निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को तो तपती दोपहरी व लू के बीच काम करने को मजबूर होना पड़ता है। दरअसल, लू की मार जहां शारीरिक है, वहीं आर्थिक भी। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों की आजीविका और श्रम उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इस संकट को हाल के दिनों में हुई ईंधन की कीमतों की वृद्धि और महंगाई ने और बढ़ा दिया है। लोगों को सीमित संसाधनों में जीवन यापन को मजबूर होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे घातक प्रभाव उस तबके को सहन करना पड़ता है जो 'रोज कुंआ खोदकर पानी पीने' को बाध्य है। एक दिन की कमाई से ही रात को उसके घर का चूल्हा जलता है। लू के निशाने पर वे अनौपचारिक श्रमिक हैं जो भारतीय आर्थिकी की रीढ़ है। सही मायनों में लू के खिलाफ लड़ाई को अब केवल एक मौसमी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं माना जा सकता है। धीरे-धीरे यह एक गंभीर आर्थिक चुनौती भी बनी है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस बाबत चेताते रहे हैं। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया था कि लू से उपजे हालात से भारत को सौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इससे पहले वर्ष 2022 में विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि भारत का तीन-चौथाई श्रमिक वर्ग लू से प्रभावित क्षेत्रों में काम करने को मजबूर है। अनुमान है कि लू के तनाव के कारण होने वाली विश्वव्यापी नौकरियों की कमी में भारत की हिस्सेदारी आधी हो सकती है। दरअसल, भारत में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों में निर्माण श्रमिक, खेतिहर श्रमिक, किसान, स्ट्रीट वेंडर और डिलीवरी एजेंट शामिल हैं। हालांकि, समय-समय पर केंद्र व राज्य सरकारों ने कार्य समय का पुनर्निधारण, छायादार विश्राम क्षेत्र बनाने, जलपान सुविधा, सुरक्षात्मक कपड़े और स्वास्थ्य निगरानी को लेकर एडवाइजरी जारी की है,लेकिन फिर भी संकट के दायरे को देखते हुए ये उपाय नाकाफी हैं। देखा जाए तो फिलहाल भारत में गर्मी के संकट से मुकाबले के लिये बनायी गई योजनाएं काफी हद तक अस्थायी रूप से राहत देने वाली हैं। वक्त की मांग है कि भीषण गर्मी वाले महीनों के लिये तत्काल व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए। ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो लू चलने के दौरान सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करे। इस साल के आरंभ में वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि भीषण गर्मी के दौरान चलने वाली लू को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल किया जाए। निस्संदेह, इस वर्गीकरण से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मिलने वाले धन का उपयोग लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने में मदद देगा। इसके अलावा लू के दौरान कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी देखने में आते हैं। मसलन इस समय बिजली व पानी की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। इससे निबटने के लिये मजबूत और सक्रिय तंत्र विकसित करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से देश के नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों के सामने इस संकट से मुकाबले के लिये स्पष्ट विकल्प मौजूद हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि समय रहते निर्णायक रूप से अनुकूलन का तंत्र विकसित करें। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में अधिक मानवीय क्षति व आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# तपती धरती, झुलसता जीवन: हीटवेव की चुनौती

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं। हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर ल्कंक्रीट के जंगलङ्क बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे ल्अर्बन हीट आइलैंडङ्क प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती। दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर ल्कंक्रीट के जंगलङ्क बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे ल्अर्बन हीट आइलैंडङ्क प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती। दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है।

की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है। गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो। सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निर्माणों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। ल्कूल रूफङ्क तकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं। भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। समाज, धार्मिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन मिलकर जल सेवा और राहत कार्यों का अभियान चला सकते हैं। गर्मी और जल संकट को राजनीति का विषय बनाने के बजाय सहयोग और समाधान का विषय बनाना होगा। जल विवादों और संसाधनों पर स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य को और कठिन बनाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए। वर्ष 2026 की यह झुलसाती गर्मी हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने अभी भी प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित नहीं किया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और विकराल होगी। पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, जैव विविधता नष्ट होगी, खाद्य संकट गहराएगा और मानव जीवन अधिक कठिन हो जाएगा। यह समय प्रकृति से संघर्ष का नहीं, उसके साथ सामंजस्य का है। हमें विकास की ऐसी दिशा चुननी होगी जिसमें पर्यावरण, मानव जीवन और भविष्य सुरक्षित रह सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब सूरज की तपिश केवल असुविधा नहीं, अस्तित्व का संकट बन जाएगी। -ललित गर्ग

# वर्तमान शिक्षा प्रणालीः एक जाल, जिससे मुक्ति आवश्यक

**रजनीश कपूर**

हमारी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था एक ऐसा जाल बन गई है, जिसमें लाखों-करोड़ों युवा फंस रहे हैं। यह प्रणाली न तो सच्चे कौशल विकसित करती है और न ही नवाचार को प्रोत्साहित, बल्कि यह छात्रों को एक सांचे में ढालकर औसत जीवन की ओर धकेल रही है। बदलाव की मांग अब न केवल जरूरी, बल्कि अनिवार्य बन चुकी है। सफल उद्यमियों की कहानियां गवाह हैं कि बड़ी कंपनियों के संस्थापकों ने अक्सर पारंपरिक शिक्षा के इस जाल से खुद को बचाया। उनकी सफलता का राज रट्टा मारने या परीक्षा में अंक लाने में नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच, जोखिम लेने की क्षमता और निरंतर सीखने में छिपा है। जहां अमीर बच्चे बेहतर संसाधनों और अतिरिक्त कोचिंग के साथ आगे बढ़ते हैं, जबकि गरीब परिवार के बच्चे सीमित अवसरों में संघर्ष करते रह जाते हैं। शिक्षा की इस व्यवस्था में रचनात्मकता को कुचला जा रहा है। उदाहरण के लिए, अधिकतर कक्षाओं में बच्चों को सरल दृश्य बनाने या मानकीकृत उत्तर लिखने को कहा जाता है, न कि स्वतंत्र सोच विकसित करने को। परिणामस्वरूप, वे किसी बड़े कारखाने की असैंबली लाइन से निकलने वाले उत्पादों की तरह एक जैसे बन जाते हैं। समाज और परिवार प्रतिशत और रैंकिंग की दौड़ में बच्चों को धकेल रहे हैं। ऐसे में जीवन को 'दौड़' बताकर तनाव बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तव में हर बच्चे की अपनी गति और प्रतिभा होती है, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। कुछ अपवादों को छोड़ कर कक्षाएं अभी भी सौ साल पुरानी शैली में चल रही हैं। बोर्ड, चॉक और रट्टा-आधारित पढ़ाई छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पा रही। अल्बर्ट आइंस्टीन का प्रसिद्ध उदाहरण यहां पूरी तरह लागू होता है, मछली को पेड़ पर चढने की परीक्षा देकर उसकी बुद्धिमत्ता का आकलन करना अन्याय है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की जड़ें ब्रिटिश काल से जुड़ी हैं, जब 1835 में एक नीति बनाई गई, जिसका उद्देश्य सच्चा सशक्तिकरण नहीं बल्कि आज्ञाकारी नागरिक तैयार करना था। आज भी स्कूल-कॉलेज उन पूर्वनिर्धारित भूमिकाओं के लिए ग्रैजुएट तैयार कर रहे हैं, न कि नवप्रवर्तक या नेता। ग्रेड्क्षडग सिस्टम बुद्धिमत्ता को केवल परीक्षा अंकों तक सीमित कर देता है, जबकि संचार, समझौता कौशल और समस्या-समाधान जैसे जीवन-महत्वपूर्ण गुणों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन सब के परिणाम भयावह हैं। स्नातकों में से आधे से अधिक नौकरी के योग्य नहीं पाए जाते। कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के बाद संचार की कमी, सकारात्मक दृष्टिकोण की कमी और निरंतर सीखने की इच्छा की कमी उजागर हो जाती है। जर्मनी जैसे देशों में दोहरी शिक्षा प्रणाली है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव जुड़ा होता है। लेकिन हमारे यहां छात्र स्नातक होने तक केवल किताबी ज्ञान पर ही निर्भर रहते हैं। नतीजा-अच्छे अंक लाने वाले छात्र भी बेरोजगारी का शिकार हो जाते हैं। आपको याद होगा जब 2025 में राजस्थान के चपरासीध्चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 53,000 पदों की भर्ती के लिए करीब 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 85 से 90 प्रतिशत उम्मीदवार उच्च शिक्षित (ग्रैजुएट, पोस्ट-ग्रैजुएट, बी.टैक और पीएच.डी.) थे। इस जाल का सबसे दर्दनाक पहलू मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाला प्रभाव है। नौकरी न मिलने की निराशा से हर साल हजारों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं या गुनाह का रास्ता अपना लेते हैं। आई.आई.टी. जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिला पाने की होड़ में व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को नजरअंदाज किया जाता है, जिससे हताशा बढ़ती है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा डिग्री-केंद्रित हो गई है, कौशल-केंद्रित नहीं। इसलिए समय आ गया है कि हम डिग्री से कौशल की ओर मुड़ें। वित्तीय शिक्षा अनिवार्य हो। बच्चों को एसेट-लायबिलिटी का अंतर, मुद्रास्फीति से लडना, निवेश बनाम खर्च और जल्दी बचत करने का महत्व सिखाया जाए। स्कूलों में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, डिजिटल मार्कीटिंग और आर्थिक मामलों जैसे भविष्योन्मुखी विषयों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बिजनैस सिमुलेशन प्रोजैक्ट्स शुरू किए जाएं, ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनें। जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने के लिए गणना-आधारित प्रयोगों को प्रोत्साहन मिले। हमारे शिक्षक इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनका नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों से लैस होना और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन जरूरी है। आज के भाग-दौड़ भरे युग में मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल भी शिक्षा का हिस्सा बनें। बच्चे गणित तो सीखते हैं लेकिन तनाव प्रबंधन नहीं। समय प्रबंधन, नागरिकता भावना, संचार कौशल 7वीं कक्षा से अनिवार्य हों। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विकसित करना होना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# संगीत सुनना सेहत के लिए भी होता है लाभदायक

आमतौर पर, जब भी व्यक्ति बोर होता है तो मन बहलाने के लिए म्यूजिक सुनना काफी पसंद करता है। गाने सुनने से न सिर्फ मन शांत होता है, बल्कि इसके कारण काफी रिलैक्स भी महसूस होता है। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि संगीत सुनने से सिर्फ आपका चित्त शांत होता है, तो आप गलत हैं। आपको शायद मालूम न हो लेकिन संगीत सुनने से आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा होता है। जी हां, म्यूजिक सुनने से आप खुद को तंदरूस्त बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको म्यूजिक सुनने के कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं? रहते हैं खुशः म्यूजिक सुनने के जरिए आपका तनाव कम तो होता है ही, साथ ही आप पहले से ज्यादा खुश रहते हैं। बहुत से शोध इस बात को साबित करते हैं कि जब आप संगीत सुनते हैं तो इससे आपके दिमाग में डोपामाइन नाम का न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होता है, जिसके कारण आप काफी अच्छा महसूस करते हैं। इस प्रकार खुश रहने के लिए आप हर दिन कुछ देर संगीत सुनने की आदत अवश्य डालिए। अमेरिकन फिलॉसॉफर और साइकोलॉजिस्ट विलियम जेम्स ने भी कहा था कि मैं इसलिए नहीं गाता, क्योंकि मैं खुश हूं। मैं खुश हूं क्योंकि मैं गाता हूं। अर्थात म्यूजिक सुनना आपको भीतर से खुशी प्रदान करता है। सकारात्मक होती है नींद की क्षमताः एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि अगर आप रात को सोने से पहले अगर कुछ देर के लिए रिलैक्सिंग म्यूजिक सुनते हैं तो इससे आपके भीतर का स्ट्रैस कम होता है और आप रात को एक अच्छी व प्यारी नींद ले पाते हैं। इसलिए अगर आपको इनसोमनिया की समस्या है तो आप रात को सोने से पहले संगीत सुनने की आदत डालिए। आपको कुछ ही दिनों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। तेज होती मानसिक क्षमताः म्यूजिक आपके दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके जरिए न सिर्फ आपकी लर्निंग पावर बढ़ती है, बल्कि जो लोग लगातार म्यूजिक सुनते हैं, वह चीजों को लम्बे समय तक याद रख पाते हैं। इस प्रकार छात्रों के लिए तो म्यूजिक सुनना काफी लाभदायक सिद्ध होता है। आपने शायद कभी गौर किया हो लेकिन जो छात्र एग्जाम टाइम में म्यूजिक सुनते हैं, उनकी परफार्मेंस अपेक्षाकृत अच्छी होती है। अमेरिकन राइटर जौकी पिकोल्ट ने भी कहा था कि म्यूजिक मैमोरी की लैंग्वेज है। इस प्रकार अगर आप अपने मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना चाहते हैं तो म्यूजिक सुनना आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को नियमानुसार पूजा करके शनिदेव को रखें शांत

शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव सूर्य देव और देवी छाया के पुत्र हैं। इनका जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या को हुआ था इसी दिन शनि जयंती मनाई जाती है। शनिवार को शनि देव की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन, उपवास से शनिदेव जल्दी प्रसन्न होते हैं। हांलाकि शनिदेव को सहज कुपित होने वाला देव माना जाता है और इनकी अनिष्टकारी दृष्टि से मनुष्य ही नहीं देव भी भयभीत रहते हैं। नव ग्रहों में सातवें ग्रह माने जाने वाले शनिदेव से लोग सबसे ज्यादा डरते जरूर हैं लेकिन वह किसी का बुरा नहीं करते हैं। वह लोगों के कर्मों के हिसाब से उनके साथ न्याय करते हैं। शायद इसलिए उन्हें न्यायाधीश के रूप में भी पहचाना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति पर से साढ़ेसाती और ढैया समाप्त हो जाती है। इसके अलावा कुंडली में मौजूद कमजोर शनि का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। इस दिन शनिदेव की पूजा विधिविधान से पूजा करने से विशेष लाभ मिलेगा। शनिवार को प्रातःकाल उठकर स्नानादि कर शुद्ध हों। इसके बाद लकड़ी के पाटे पर एक काला कपड़ा बिछाकर उस पर शनिदेव की प्रतिमा रखें। इसके बाद उनके पाटे के सामने के दोनों कोनों में घी का दीपक जलाएं व सुपारी चढ़ाएं। फिर शनिदेव को पंचगव्य, पंचामृत, इत्र से स्नान कराएं। उन पर काले या फिर नीले रंग के फूल चढाएं। इसके बाद उनके गुलाल, सिंदूर, कुमकुम व काजल लगाए। पूजा में तेल में तली वस्तुओं का नैवेद्य समर्पित करें। इस दौरान शनि मंत्र का कम से कम एक माला जप करें।

पर्यटन



# मानसून में और भी खूबसूरत हो जाता है मुन्नार

घूमने-फिरने की कुछ जगह ऐसी हैं, जो किसी खास मौसम में और भी ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। जैसे हिल स्टेशन्स पर ज्यादातर लोग गर्मियों और सर्दियों में जाना पसंद करते हैं। गर्मी से राहत और सर्दियों में स्नोफॉल देखने के लिए बहुत से पर्यटक यहां खींचे चले आते हैं। आज हम आप बात करेंगे मानसून डेस्टिनेशन मुन्नार की, जो खूबसूरत हिल स्टेशन है, लेकिन मानसून में इस जगह की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। बोटिंग का मजा लेना है तो घूमें कुंडला लेक : मुन्नार अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए तो मशहूर है ही लेकिन अगर नेचर ब्यूटी का मजा लेना चाहते हैं, तो इस जगह जरूर जाएं. कुछ अलग करना चाहते हैं तो आपको बारिश के मौसम में बोटिंग का मजा जरूर लेना चाहिए। मुख्य शहर से 20 किलोमीटर दूर है कुंडला लेक जहां तक पहुंचने में 1 से 2 घंटे का वक्त लगता है। मुन्नार वैली की हरियाली के बीच इस झील में बोट राइड करने का मजा ही कुछ और है। वाटरफॉल के पास करा सकते हैं फोटोग्राफी : मुन्नार से 30 किलोमीटर दूर है लक्कोम वॉटरफॉल्स जो एराविकुलुम नेशनल पार्क से बिलकुल सटा हुआ है। एराविकुलुम नदी की धारा से बनता है ये वाटरफॉल और यहां तक पहुंचने के लिए आपको घने जंगलों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। लक्कोम के अलावा अट्टूकल वॉटरफॉल्स भी घने जंगलों के बीच ही है और यह जगह एडवेंचर पसंद करने वाले लोगों के बीच काफी मशहूर है। मॉनसून में अगर आप मुन्नार जाएं तो इन वॉटरफॉल्स को देखने का मौका बिलकुल मिस न करें। मुन्नार के आसपास नेचुरल ब्यूटी का लें आनंद : मानसून में यहां का मौसम रोमांटिक होता है. बारिश कुछ देर के लिए बंद हो और आसमान साफ हो जाए तो सबसे पहले जाएं मुन्नार से 3 किलोमीटर दूर स्थित फोटो पॉइंट जो मट्टूपेट्टी और टॉप स्टेशन जाने के रास्ते में पड़ता है। यहां से दिखने वाली चाय बागानों की हरियाली और प्राकृतिक खूबसूरती किसी को भी अपनी ओर आकर्षित कर सकती है। कैसे पहुंचेः मुन्नार का अपना कोई एयरपोर्ट नहीं है। नजदीकी एयरपोर्ट कोचिन इंटरनैशनल एयरपोर्ट है जो मुन्नार से 110 किलोमीटर दूर है। यहां से आप टैक्सी या कैब के जरिए मुन्नार पहुंच सकते हैं। इसके अलावा मदुरै इंटरनैशनल एयरपोर्ट मुन्नार से 140 किलोमीटर दूर है।

# राष्ट्र निर्माण के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ता जरूरी : अमर पाल मौर्य

## भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, आठ सत्रों में कार्यकर्ताओं को दी गई विचारधारा की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। विकसित भारत निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग शनिवार को सुरजा रिजॉर्ट में शुरू हुआ। प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अमर पाल मौर्य ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति विचारों के विकास और उत्थान के लिए समर्पित संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय राजनीति में नए युग का निर्माण हुआ है और राष्ट्र व समाज के सपनों को देशवासियों के सहयोग से साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए समर्थ और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है।






क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कार्यकर्ता विकास विषय पर कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया प्रवास, संपर्क और संवाद से मजबूत होती है। चुनाव प्रबंधन के प्रदेश सहसंयोजक पियूष मिश्रा ने पार्टी विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने भाजपा के इतिहास तथा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने पार्टी की कार्यपद्धति पर अपने विचार रखे। पार्टी युवा नेता चमन सिंह पटेल के मुताबिक प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी एवं नाना जी देशमुख के योगदान से भी परिचित कराया गया। जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एससी-एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, उपेंद्र सिंह रावत, हरगोविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संडे ऑन साइकिल आयोजन आज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देशन में कल रविवार 24 मई को सुबह 6 बजे संडे ऑन साईकिल का कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें बालक बालिका हॉकी खिलाड़ी साइकिल पर निकल कर शहर वासियों को पेट्रोल डीज़ल बचाने और फिटनेस का संदेश देंगे।यह जानकारी बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मज़हर अज़ीज़ खां ने दिया। उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा लखपेड़ा बाग चौराहे से निकलेगी।

### किशोरियों और वरिष्ठ नागरिकों को बताए गए कानूनी अधिकार, प्राधिकरण की पहल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाताथ। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) एवं मातृ-पितृ सदन, सफ़ेदाबाद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने की। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक किशोरी को शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य और उपचार सहित सभी मूलभूत विधिक अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि सम्प्रेक्षण गृह में रहकर किशोरियां पढ़ाई-लिखाई के साथ सिलाई-कढ़ाई जैसे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवन और परिजनों से मिलने का भी अधिकार है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता के अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि कानून में उनके भरण-पोषण, देखभाल और कल्याण के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। जरूरत पड़ने पर वे अपने बच्चों अथवा संपत्ति के उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। प्रतिकूल परिस्थितियों में वृद्धाश्रम का सहारा लेने और संपत्ति हस्तांतरण से संबंधित विवादों में कानूनी सहायता प्राप्त करने का भी अधिकार उन्हें प्राप्त है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के सुलह-समझौते से निस्तारण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कानूनी जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया।

### हादसे में विक्षिप्त की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाताथ। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बाबा कुटी तिराहे से फतेहपुर मार्ग पर सहायक शारदा नहर पुल के पास मानसिक विक्षिप्त एक व्यक्ति को शुक्रवार देर रात किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर डिप्टी डायरेक्टर का छापा, गर्मी से निपटने की तैयारियों की परखी हकीकत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। स्वास्थ्य विभाग की डिप्टी डायरेक्टर वर्तिका श्रीवास्तव ने शनिवार को क्षेत्र के चार स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीएचसी सैदनपुर, बदोसराय, महमूदाबाद और सीएचसी सिरौलीगौसपुर में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। सुबह करीब 8:30 बजे पीएचसी सैदनपुर पहुंचीं डिप्टी डायरेक्टर ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, लैब और प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थिति पंजिका, दवा स्टॉक रजिस्टर और साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने ओआरएस कॉर्नर, ठंडे पेयजल और जरूरी दवाओं की उपलब्धता भी परखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लू और गर्मी से प्रभावित मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परिसर की साफ-सफाई दुरुस्त रखने, दवा स्टॉक अपडेट रखने और मरीजों से शालीन व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दकी, डॉ. संजय गुप्ता, एएनएम सरला, एएनएम ज्योति यादव, चंद्रेश वर्मा, शैलेश कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## टिकैतनगर में गर्मी से राहत के लिए खुले कूलिंग प्वाइंट , चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता की पहल: कूलर, शीतल जल व गुड़ की निशुल्क व्यवस्था




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से नगरवासियों को राहत देने के लिए नगर पंचायत टिकैतनगर ने प्रमुख स्थानों पर कूलिंग प्वाइंट शुरू किए हैं। यह पहल प्रदेश के खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की प्रेरणा से 'सेवा ही संगठन' के मंत्र पर की गई है।नगर पंचायत चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कूलिंग प्वाइंट पर कूलर, बैठने के लिए कुर्सियां, शीतल पेयजल और देशी गुड़ की निशुल्क व्यवस्था की गई है। राहगीरों और जरूरतमंदों को लू व गर्मी से बचाने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है। चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति गर्मी में लू की चपेट में न आए। भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।'' उन्होंने नागरिकों से अपील की कि तेज धूप में जरूरी होने पर ही घर से निकलें और कूलिंग प्वाइंट की सुविधाओं का लाभ लें।

## काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर निर्माण निर्माण कार्य प्रगतिपर, शिव प्रेमियों मे प्रसन्नता

रामनगर, बाराबंकी। जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा धाम को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से महादेवा कॉरिडोर निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुरू हुए इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लोग इसे क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं। महादेवा धाम में वर्षों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते रहे हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में श्रद्धालुओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब कॉरिडोर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर मार्ग, सौंदर्यीकरण, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर ने वाराणसी की पहचान को नई



ऊंचाई दी, उसी प्रकार महादेवा कॉरिडोर भी बाराबंकी जिले को नई पहचान दिलाने का कार्य करेगा। लोगों का मानना है कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापारियों तथा युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। निर्माण स्थल पर कार्य प्रारंभ होने के बाद आमजन में खुशी की लहर देखी जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की कार्यशैली और विकासात्मक सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि महादेवा धाम का विकास लंबे समय से अपेक्षित था, जो अब साकार होता दिखाई दे रहा है। महादेवा धाम आने वाले श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि कॉरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद यहां की व्यवस्था और भव्यता दोनों में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। प्रशासन द्वारा इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में महादेवा धाम प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में और अधिक प्रमुखता से उभर सके।

## थाना समाधान दिवस में पहुंचीं फरियादें, दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। बदोसराय कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कुल चार शिकायतें आईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो शिकायतों के समाधान के लिए एसडीएम ने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम मौके पर जाकर जांच करे और लंबित शिकायतों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

समाधान दिवस में प्रेमावती निवासी किंतूर ने जमीन विवाद, पूनम निवासी खलसापुर ने बकाया धनराशि दिलाने तथा राजेश निवासी कसरैला डीह ने मेडबंदी कराने की शिकायत दर्ज करे ।

## ज्येष्ठ माह में भक्ति और सेवा का संगम भंडारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ज्येष्ठ मास में श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले भंडारे केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भक्ति, सेवा और दान का अद्भुत संगम बन चुके हैं। इन दिनों हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ आयोजित धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में संकट मोचन हनुमान जी की आराधना एवं प्रसाद वितरण से अपार पुण्य की प्राप्ति होती है तथा बजरंगबली का विशेष आशीर्वाद मिलता है।





इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने शनिवार को बाराबंकी-लखनऊ रोड स्थित विकास भवन मोड़ पर बाराबंकी मीडिया सेंटर के पत्रकार बंधुओं द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया। इसके बाद उन्होंने नगर कोतवाली स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में बाराबंकी पुलिस द्वारा आयोजित भंडारे में भी सहभागिता की। ऐसे पावन कार्यक्रमों से भाजपा नेताओं की दूरी लोगों को अखरी।

समाजवादी पार्टी के नेता भारतीय राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने श्रीराम के परम भक्त संकट मोचन हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना एवं दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम समाज में सेवा, समर्पण और सद्भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारे जैसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का माध्यम बनते हैं। भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। ‡जय श्रीराम‡ और ‡बजरंगबली की जय‡ के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार केपी तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, चंद्रकांत मौर्य, अनिरुद्ध शुक्ला, भोला रावत, नितेश मिश्रा, रेहान मुस्तफा, राहुल त्रिपाठी, राहुल मौर्य, शिवम सिंह, बलमीत सिंह, परमजीत सिंह, अंकित मिश्रा, विसेन सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, युवा सपा नेता अविरल सिंह, अजय वर्मा बबलू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, संतोष रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बजरंगबली जी महाराज का दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजनों में सपा की सक्रियता चर्चा में हनुमान जी को समर्पित ज्येष्ठ माह में जिले भर में धार्मिक आयोजन और भोजन प्रसाद वितरण के कार्यक्रम लगातार जारी हैं। इन आयोजनों में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि सत्ता पक्ष के नेता ऐसे धार्मिक आयोजनों से अपेक्षाकृत दूरी बनाए हुए दिखाई दे रहे हैं।

## सो रहे परिवार पर मौत बनकर चढ़ा ट्रेलर, दर्दनाक हादसा, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, मां जिंदगी से जंग लड़ रही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**







बेलहरा/फतेहपुर बाराबंकी। फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित झांसा पुरवा गांव में शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रेलर सड़क किनारे घर के बाहर सो रहे एक परिवार पर मौत बनकर चढ़ गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर और इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है और लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झांसा पुरवा गांव निवासी नीरज (35) अपनी पत्नी आरती और तीन बच्चों अनुराग (13), अंशिका (10) तथा अंशू (6) के साथ घर के बाहर चारपाई डालकर सो रहे थे। रात करीब दो बजे महमूदाबाद की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया। बेकाबू ट्रेलर सड़क से लगभग 40 फीट दूर तक घुस आया और सो रहे परिवार को रौंदते हुए एक विशाल पेड़ से जा टकराया।

हादसा इतना भयावह था कि नीरज और उनके बेटे अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर दौड़े और मलबे व ट्रेलर के नीचे दबे परिवार को निकालने में जुट गए। गंभीर रूप से घायल अंशिका, अंशू और आरती को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत में आरती को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार मृतक नीरज किराये पर मैजिक वाहन चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह परिवार की जिंदगी चल रही थी, लेकिन एक पल में पूरा घर उजड़ गया। गांव में चारों ओर चीख-पुकार और मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव के लोग भी इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। घायल महिला का उपचार कराया जा रहा है। ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है तथा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। 'बिजली कटौती ने छीनी चार जिंदगियां'' ! ग्रामीणों ने इस दर्दनाक हादसे के पीछे लगातार हो रही बिजली कटौती को भी बड़ी वजह बताया है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के कारण परिवार घर के अंदर नहीं सो पा रहा था। घंटों बिजली गुल रहने से मजबूर होकर सभी बाहर सो रहे थे। यदि बिजली आपूर्ति सुचारु होती तो शायद परिवार घर के भीतर रहता और यह भयावह हादसा टल सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है और लोग लगातार हो रही कटौती पर सवाल उठा रहे ।

# केकेआर और दिल्ली को प्लेऑफ की धुंधली उम्मीद बनाए रखने के लिए हर हाल में चाहिए जीत

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा सत्र के अंतिम लीग मैच में जब आमने-सामने होंगे तो उन्हें प्लेऑफ की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मौजूदा स्थिति के अनुसार छठे स्थान पर काबिज केकेआर और आठवें स्थान पर चल रही दिल्ली की टीम अगर मगर के समीकरणों से अभी भी प्लेऑफ का अंतिम स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं, लेकिन यह भी हो सकता है कि रविवार को मुकाबला शुरू होने से पहले ही यह मैच महज औपचारिकता बन जाए। प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में फिलहाल सबसे आगे चल रही पंजाब किंग्स शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। अगर पंजाब किंग्स जीत जाती है तो उसके 15 अंक हो जाएंगे। इससे दिल्ली की प्लेऑफ की



उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो जाएंगी, क्योंकि उसकी टीम अधिकतम 14 अंक ही हासिल कर सकती है। केकेआर के अभी 13 अंक हैं और उसकी टीम दिल्ली पर जीत हासिल करके 15 अंक तक पहुंच सकती है, लेकिन पंजाब के नेट रन-रेट में काफी आगे है। अगर आंकड़ों की बात करें तो पंजाब अगर लखनऊ को केवल एक रन से भी हरा देता है तो फिर केकेआर को दिल्ली को कम से कम 52 रन से हराना होगा। यही नहीं केकेआर को इससे पहले रविवार को दोपहर में होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के लिए भी प्रार्थना करनी होगी। राजस्थान के अभी 14 अंक हैं और अगर इस मैच में जीत हासिल करके 16 अंक के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकता है। दोनों टीम इन समीकरणों पर विचार करने की बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान देंगी और उन चीजों पर काम करेंगी जो उनके नियंत्रण में हैं। केकेआर को टूर्नामेंट के शुरू में विभिन्न कारणों से अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों का सहयोग नहीं मिल पाया था जिसका असर उसके प्रदर्शन पर भी पड़ा। मुस्तफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना विभिन्न समस्याओं के कारण मैच नहीं खेल पाए, जबकि चोट से वापसी कर रहे कैमरन ग्रीन शुरुआती चरणों में गेंदबाजी नहीं कर सके। लेकिन केकेआर ने शानदार वापसी करते हुए अपने आखिरी सात मैचों में से छह जीतकर खिताब की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जगाई। केकेआर की टीम इस मैच में अपने शीर्ष रन-स्कोरर अंगकृष रघुवंशी के बिना खेलेगी, जिन्होंने इस सत्र में पांच अर्धशतकों के साथ 422 रन बनाए हैं। इसके अलावा केकेआर परिस्थितियों के अनुसार अपने स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में रखने का फैसला करेगा। चक्रवर्ती चोटिल होने के बावजूद खेल रहे हैं।

# आईपीएल प्लेऑफ से पहले मध्यक्रम पर नजर रखेंगे: विटोरी

एजेंसी

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने इस सत्र में टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय शीर्ष क्रम के विस्फोटक बल्लेबाजों और अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण को देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ से पहले वह अपने मध्यक्रम पर नजर बनाए रखेंगे जिसको अभी तक खास परखा नहीं गया है। सनराइजर्स ने शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 55 रन से जीत दर्ज की लेकिन वह नेट रन रेट के कारण शीर्ष दो में जगह नहीं बना पाया और उसने अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। विटोरी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। आपको सब कुछ हासिल नहीं हो सकता। यह शानदार मैच था और हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सत्र अभी खत्म नहीं हुआ है और हम तालिका में रन रेट के कारण थोड़ा पीछे रह गए, लेकिन नौ जीत दर्ज करना



शानदार रहा।'' सनराइजर्स अब एलिमिनेटर में बुधवार को खेलेगा। विटोरी ने कहा, ''हमारे मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने शायद पूरे सत्र में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की है, इसलिए इन बड़े मैचों की तैयारी के दौरान हम इस पर नजर रखेंगे। लेकिन टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है।'' उन्होंने कहा, ''शीर्ष चार बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे गेंदबाजों ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि ईशान (मलिंगा), पैट (कमिंस) और साकिब (हुसैन) की तिकड़ी ने असली अंतर पैदा किया है। विटोरी ने कहा, '' हमारी रणनीति हमेशा पांचवें और छठे गेंदबाज के विकल्प पर निर्भर करता है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिच की प्रकृति को देखते हुए हमने आज रात हर्षल पटेल को मौका दिया, लेकिन हम जानते हैं कि हमारे पास (प्रफुल्ल) हिंगे और हर्ष दुबे भी हैं। विटोरी ने पिछले मैचों में टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए गेंदबाजी आक्रमण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बल्लेबाजी इकाई का बखूबी साथ दिया। उन्होंने कहा, ''पिछले 12 मैचों में से आठ में जीत हासिल करना वाकई बहुत बड़ी उपलब्धि है। मुझे लगता है कि हमने अपनी बल्लेबाजी से यही उम्मीद की थी और फिर गेंदबाजों ने उनका अच्छा साथ दिया, जिसकी वजह से हम आज इस स्थिति में हैं। इस बीच आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने इस मैच में हार के बावजूद अंक तालिका में शीर्ष पर रहने पर संतोष व्यक्त किया। फ्लावर ने कहा, ''हमने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जिससे पता चलता है कि हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। यह 10 बहुत अच्छी टीम वाली एक उत्कृष्ट लीग है, इसलिए हम प्लेऑफ से पहले काफी आत्मविश्वास से भरे हैं।

# कोहली को मैदान पर ऑस्ट्रेलिया जैसी आक्रामक शैली बनाए रखने में आनंद आता है: पठान

एजेंसी

नयी दिल्ली, 23 मई (भाषा) भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान विराट कोहली और ट्रैविस हेड के बीच मैदान पर हुई तीखी बहस को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस तरह के टकराव स्वाभाविक हैं। कोहली और हेड के बीच मैदान पर तीखी बहस हुई। कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को लगातार इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में इस्तेमाल किए जाने का मजाक उड़ाते हुए इशारा किया कि उन्हें मैदान से बाहर रहने के बजाय कुछ गेंदें फेंकनी चाहिए। कोहली जल्द ही 11 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, जिसके बाद हेड ने



पलटवार करते हुए उन पर कटाक्ष किया। सनराइजर्स की 55 रन की जीत के बाद भी तनाव बना रहा। मैच के बाद हेड ने कोहली से हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज उनकी ओर ध्यान दिए बिना ही आगे बढ़ गया। पठान ने जिओ हॉटस्टार पर कहा, ''विराट कोहली को हमेशा से ही मैदान पर ऑस्ट्रेलिया की तरह आक्रामक शैली में खेलना, थोड़ी सी नोकझोंक, कड़ी प्रतिस्पर्धा तथा पूरे जोश और जज्बे के साथ खेलना पसंद है। उन्होंने कहा, ''कोहली और हेड के बीच जो कुछ हुआ, ऐसा बेहद दबाव वाले मैचों में होना स्वाभाविक है। विशेष कर तब जबकि दोनों टीम अंक तालिका में महत्वपूर्ण स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हों। यह शीर्ष स्तर के क्रिकेट की प्रतिस्पर्धात्मक भावना का ही एक हिस्सा था। इस बीच पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि वेंकटेश अय्यर ने प्लेऑफ से पहले आरसीबी के सामने चयन को लेकर दुविधा खड़ी कर दी है। सहवाग चाहते हैं कि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज ओपनिंग करना जारी रखे। इसके अलावा उन्होंने सुझाव दिया कि फिट हो चुके फिल साल्ट को खराब फॉर्म में चल रहे जितेश शर्मा की जगह टीम में शामिल किया जाना चाहिए। सहवाग ने कहा, ''वेंकटेश अय्यर शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में कई शानदार पारियां खेली हैं।

# रॉयल्स की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने पर, जीत के साथ विदा लेने की कोशिश करेगा मुंबई

एजेंसी

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले लीग चरण के अपने अंतिम मैच में जीत हासिल करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मुंबई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है और वह जीत के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगा लेकिन राजस्थान रॉयल्स के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है जिसमें जीत पर वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन जाएगी। इस मैच में संभावित रूप से गर्म और उमस भरे रविवार की दोपहर में दोनों टीमों की सहनशक्ति और फिटनेस की परीक्षा होगी। रॉयल्स फिलहाल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी, जिससे उसके 16 अंक हो जाएंगे।




इससे वह प्लेऑफ के अंतिम स्थान के दो अन्य दावेदार पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों पर कम से कम एक अंक की बढ़त हासिल कर लेगा। लेकिन अगर रॉयल्स की टीम रविवार को हार जाती है, तो उसे प्ले-ऑफ में पहुंचने के लिए यह उम्मीद करनी होगी कि पंजाब और नाइट राइडर्स दोनों को भी अपने अंतिम मैचों में हार का सामना करना पड़े। रॉयल्स ने अपने पिछले पांच मुकाबलों में जीत से ज्यादा हार का सामना किया है लेकिन वे मुंबई के खिलाफ जीत के लिए जीजान लगा देंगे। उसके खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। मुंबई इंडियंस के लिए वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से कहीं ज्यादा बड़ा खतरा यशस्वी जायसवाल हैं। स्थानीय खिलाड़ी जायसवाल ने गुवाहाटी में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 77 रन बनाए थे। जायसवाल उस मैदान पर वापसी कर रहे हैं जहां उन्होंने तीन साल पहले आईपीएल में अपना पहला शतक लगाया था। उन्होंने इसके बाद अगले साल उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना दूसरा शतक बनाया था। लेकिन राजस्थान रॉयल्स को अभी भी अपने कप्तान रियान पराग और ध्रुव जुरेल से अधिक निरंतरता की जरूरत होगी। यह दोनों बल्लेबाजी क्रम में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं लेकिन बीच के ओवरों में जरूरी गति प्रदान नहीं कर पाए हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए रॉयल्स को एक अधिक खतरनाक टीम का सामना करना पड़ेगा। मुंबई के कुछ खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में लौट आए हैं। इन दोनों टीम ने हालांकि पिछले पांच मैचों में तीन हार और दो जीत हासिल की हैं। इस मैच में मुंबई की टीम में शामिल भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ियों सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा को अपना जलवा दिखाने के लिए आखिरी मौका मिलेगा। वे अच्छा प्रदर्शन करके टीम को सम्मान के साथ विदाई लेने में मदद कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुपर शतरंज क्लासिक: प्रज्ञाननंदा ने वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक के आठवें दौर में जीत हासिल करने के कुछ अच्छे मौके गंवा दिए और आखिर में उन्हें फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दिन के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और जर्मनी के विंसेंट कीमर के बीच बाजी ड्रॉ रही, जबकि विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नीदरलैंड के एक अन्य खिलाड़ी अनीश गिरी को रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल से हार का सामना करना पड़ा। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा के नाम वापस लेने के बाद अमेरिका के वेस्ली सो को वॉकओवर मिला। अब जबकि आखिरी दौर का खेल बाकी है तब खिताब के लिए पांच खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे हैं। अभी कीमर और कारुआना दोनों पांच-पांच अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। सिंदारोव, वेस्ली और फोरस्ट 4.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे जबकि प्रज्ञाननंदा, गिरी और वाचियर-लाग्रेव चार-चार अंक लेकर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। डिएक बोगदान-डेनियल ने अपना अभियान 3.5 अंकों के साथ समाप्त किया। अंतिम दौर में उन्हें वॉकओवर मिलेगा जिससे उनका स्कोर 4.5 हो जाएगा। सिंदारोव पर दूसरे दौर में जीत के बाद प्रज्ञाननंदा की दूसरी जीत की तलाश वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ लगभग पूरी हो गई थी। भारतीय खिलाड़ी सफ़ेद मोहरों से खेलते जीत की अच्छी स्थिति में पहुंच गया था। उनके पास कुछ अच्छे मौके थे लेकिन वह उन्हें नहीं भुना पाए और आखिर में टूर्नामेंट का यह सबसे लंबा मुकाबला 139 चाल में समाप्त हुआ। प्रज्ञाननंदा अपनी अंतिम बाजी में अनीस गिरी का सामना करेंगे।

### तलवार डेनमार्क में शीर्ष 20 खिलाड़ियों में बरकरार

**ओडेंसे (डेनमार्क)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए होटल प्लानर टूर के डेनिश चैलेंज ओपन में 67-70 का स्कोर बनाकर आसानी से कट हासिल कर लिया। घरेलू डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई टूर पर एक प्रतियोगिता जीतने वाले तलवार ने पहले दौर में एक बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं थी। उन्होंने दूसरे दौर में फ्रंट नाइन पर एक बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। तलवार तब शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब थे। लेकिन 16वें होल पर डबल बोगी और 17वें होल पर बोगी के कारण वह संयुक्त 16वें स्थान पर खिसक गए। इस बीच मार्टिन सिमोनसेन, लार्स वैन डेर विघ्ट और एल्गोट क्लीन ने 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

### प्रणवी दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल

**रबात (मोरक्को)।** लेडीज यूरोपियन टूर में अपना पहला खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लल्ला मेरियम कप में दूसरे दौर में दो अंडर का स्कोर बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बरकरार रखी। पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं प्रणवी अब 36 होल के बाद पांच अंडर (70-71) के कुल स्कोर के साथ आठवें स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रही केल्सी बेनेट से आठ शॉट पीछे हैं। बेनेट ने अपना स्कोर 13 अंडर (68-65) कर लिया है। इस प्रतियोगिता में कट हासिल करने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (75-70) है। भारत की दो अन्य खिलाड़ी हिताशी बख्शी (78-72) और अवनी प्रशांत (75-75) कट में जगह नहीं बना पाई। इन दोनों ने 73वें स्थान पर रहकर अपनी अभियान का समापन किया।

### कोलगेट-पामोलिव इंडिया का लाभ चौथी तिमाही में मामूली घटकर 353 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** टूथपेस्ट समेत दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कोलगेट-पामोलिव इंडिया लि. का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली घटकर 353.32 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले साल 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 355 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में इसकी बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,582.77 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,452.02 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, कंपनी का शुद्ध मुनाफा 7.7 प्रतिशत घटकर 1,325.31 करोड़ रुपये रहा। कुल एकीकृत आय मामूली घटकर 6,124.16 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 6,170.91 करोड़ रुपये थी।

# बच्चों को फुटबॉल में व्यस्त रखने के लिए पंजाब की एक अकादमी ने मिसाल कायम की

एजेंसी

रुरका कलां (पंजाब)। नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग के साथ-साथ अपनी बढ़ती फुटबॉल संस्कृति के लिए खास पहचान बना रहे पंजाब के एक गांव में जमीनी स्तर की एक अकादमी चुपचाप उभर कर सामने आई है, जिसका मुख्य लक्ष्य बच्चों को गलियों से दूर फुटबॉल के मैदानों में व्यस्त रखना है। जालंधर जिले के रुरका कलां में स्थित यूथ फुटबॉल क्लब (वाईएफसी) खिलाड़ियों को जमीनी स्तर से तैयार करने में विश्वास रखता है और वर्तमान समय में कई समस्याओं से जूझ रहे भारतीय फुटबॉल के विकास में अपना योगदान देना चाहता है। हाल ही में स्ट्रीट चाइल्ड वर्ल्ड कप 2026 में उपविजेता रही यह अकादमी वर्तमान में सत्र के दौरान लगभग 250 बच्चों को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करती है और साथ ही कई युवाओं की छात्रावास, भोजन और आहार संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखती है। यह अकादमी अब पंजाब भर में 14-15 केंद्र संचालित करती है, जिससे उसकी पहुंच 4,000 से 6,000 बच्चों तक बन गई है। स्ट्रीट चाइल्ड वर्ल्ड कप में टीम को कोचिंग देने वाले पूर्व भारतीय डिफेंडर अनवर अली का मानना है कि भारतीय फुटबॉल की सबसे बड़ी समस्या अभी भी जमीनी स्तर के विकास की उपेक्षा है, भले ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से वित्तीय वृद्धि हुई हो। अनवर अली ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''हमारे पास संख्या तो है लेकिन गुणवत्ता नहीं है क्योंकि जमीनी स्तर पर ठीक से काम नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ''उज्बेकिस्तान जैसे देश हमारे साथ खेलते थे और अब वे विश्व कप में पहुंच चुके हैं। हम तो सिर्फ आई-लीग, आईएसएल जैसे शीर्ष स्तर तक पहुंचने और भारत के लिए खेलने के बारे में सोचते हैं। अनवर ने कहा कि बेहतर पेशेवरपन और वित्तीय स्थिति के बावजूद भारतीय फुटबॉल धीरे-धीरे आरामदायक स्थिति में आ गया है। अपने खेल के दिनों में राष्ट्रीय टीम में बाइचुंग भूटिया और सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने वाले अनवर ने कहा, ''खिलाड़ियों को अच्छा पैसा मिल रहा है और हम एक आरामदायक स्थिति में आ गए हैं। कोई भी बाहर जाने की कोशिश नहीं करता। रयान विलियम्स के भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के बाद भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ विदेशी मूल के खिलाड़ियों में शामिल होने के बाद ओसीआई (विदेशी नागरिक) खिलाड़ियों को लेकर चल रही बहस पर अनवर ने भी अपनी राय व्यक्त की। अनवर ने कहा, ''अगर हम चाहते हैं कि ओसीआई के खिलाड़ी दूसरे देशों में अपना विकास जारी रखें और अगर वहां बात नहीं बनती है तो वे यहां आएं, तो हम अपने खिलाड़ियों का विकास कहां कर रहे हैं।''

# एसआईआर से पहले झारखंड में 75 प्रतिशत मतदाताओं का मिलान 2003 की मतदाता सूची से हुआ: सीईओ

एजेंसी

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य में 20 जून से शुरू होने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद से पहले 75 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची के साथ उनके माता-पिता के विवरण के आधार पर मिलान (पैरेंटल मैपिंग) पूरा कर लिया गया है। कुमार ने बताया कि शनिवार से सभी मतदान केंद्रों पर उन मतदाताओं की सूची प्रदर्शित की जाएगी, जिनकी अब तक मैपिंग नहीं हुई है। मिलान किए गए मतदाताओं को आगामी एसआईआर प्रक्रिया के लिए कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। झारखंड में अब 2.64 करोड़ मतदाता हैं। सीईओ ने कहा, इससे पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के दौरान झारखंड के 75 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूचियों के साथ उनके माता पिता के विवरण के आधार पर मिलान का कार्य पूरा हो चुका है। मिलान नहीं किए गए मतदाताओं की सूची आज (23 मई से) राज्य भर के सभी मतदान केंद्रों पर जारी की जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर गैर-मिलान वाली (अनमैप्ड) मतदाता सूची में अपना नाम जांच लें। कुमार ने कहा कि जिन लोगों का नाम 'अनमैप्ड' सूची में है, उन्हें नाम के मिलान के लिए अपने बूथ अधिकारी से संपर्क करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह सूची अगले दो सप्ताह तक सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी और पांच अगस्त को मतदाता सूची के मसौदे के साथ-साथ अनुपस्थित, मृत और 'डुप्लिकेट' मतदाताओं की सूची भी जारी की जाएगी।

# आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश सरकार की वित्तीय चुनौतियों को देगा कुछ राहत: विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान से सरकार को पश्चिम एशिया संकट के बीच अपने वित्त को संभालने में सीमित राहत मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। शुक्रवार को घोषित यह अब तक का सर्वाधिक लाभांश है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है। आरबीआई का यह अधिशेष हस्तांतरण वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 'आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के लाभांश/अधिशेष' शीर्षक के तहत बजटीय गैर-कर राजस्व का 91 प्रतिशत हिस्सा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों से मिलने वाले लाभांश को जोड़ने पर वित्त वर्ष 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये के अनुमान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है, क्योंकि सरकारी बैंकों ने भी मजबूत लाभ दर्ज किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह लगातार चौथा वर्ष है, जब बैंकों को बेहतर लाभ हुआ है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आरबीआई द्वारा सरकार को दिया गया 2.9 लाख करोड़ रुपये का लाभांश अपेक्षाओं के अनुरूप है और यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग सात प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बजटीय अनुमानों की तुलना में वित्तीय स्थिति पर दबाव बना रह सकता है, क्योंकि उर्वरक और ईंधन सब्सिडी की जरूरतें बढ़ सकती हैं तथा पश्चिम एशिया संकट के कारण कर संग्रह और तेल विपणन कंपनियों के लाभांश में कमी आने की आशंका है।

# एशियाई उत्पादकता संगठन की शासी निकाय की 68वीं बैठक संपन्न

एजेंसी

नई दिल्ली। एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) की शासी निकाय की 68वीं बैठक यहां संपन्न हो गई। एपीओ शासी निकाय ने अपने तीन दिवसीय इस बैठक में 'विजन 2030' रोडमैप और संस्थागत प्रदर्शन उपायों की समीक्षा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) की शासी निकाय की बैठक (जीबीएम) की 68वीं बैठक, 20522 मई तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में तीन दिनों तक चली चर्चाओं, रणनीतिक विचार-विमर्श और उच्च-स्तरीय वार्ताओं के बाद, नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक की मेजबानी राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उद्योग




और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के तत्वावधान में की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उत्पादकता संगठनों (एनपीओ) के प्रमुखों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, नीति-निर्माताओं, उत्पादकता विशेषज्ञों और एपीओ सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि एशियाई उत्पादकता संगठन की 68वीं गवर्निंग बॉडी बैठक की सफल मेज़बानी ने उत्पादकता को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय सहयोग को मज़बूत करने और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सतत सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है।

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बिना किसी सहमति के समाप्त

एजेंसी

न्यूयॉर्क। परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनायी गयी वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी।

संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका'', लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनीतिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जतायी और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में श्री गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है। प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा, ''महासचिव ने एनपीटी के ग्यारहवें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जतायी है।'' एनपीटी एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है। श्री दुजारिक ने बताया कि श्री गुटेरेस ने 'सदस्य देशों की ईमानदार और सार्थक भागीदारी का स्वागत किया है', लेकिन उन्हें इस बात का अफसोस है कि यह समीक्षा सम्मेलन 'नतीजों के लिहाज से अधूरा रह गया', खासकर ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के सामने कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं। बयान में कहा गया है, ''मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल गहरे तनाव और परमाणु हथियारों से पैदा हुए बढ़ते खतरों से घिरा हुआ है, जिसके लिए तुरंत कड़े कदम उठाये जाने की जरूरत है।'' बयान के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी देशों से अपील की है कि वे तनाव को कम करने, परमाणु खतरों को टालने और आखिरकार परमाणु खतरे को पूरी तरह खत्म करने के लिए बातचीत, कूटनीति और आपसी समझौते के सभी उपलब्ध रास्तों का भरपूर इस्तेमाल करें। बयान में दोहराया गया है, कि ''परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया बनाना संयुक्त राष्ट्र की निरस्त्रीकरण सूची में सबसे ऊपर है।'' इसके साथ ही एनपीटी को 'वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण और अप्रसार व्यवस्था की बुनियाद' बताया गया है। महासचिव ने 11वें समीक्षा सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियत के अथक प्रयासों और उनके समर्पित नेतृत्व की दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि राजदूत ने इस संधि को मजबूत करने और इसके लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक ठोस नतीजा हासिल करने की पुरजोर कोशिश की।

# साल भर चलेगी प्रदूषण के खिलाफ जंग: रेखा गुप्ता

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का अभियान केवल सर्दियों के कुछ महीनों तक सीमित नहीं है बल्कि वर्ष के 365 दिनों तक स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने का संकल्प है।

श्रीमती गुप्ता ने आज यहां स्थापित तीन अत्याधुनिक 'मेड इन इंडिया' एयर प्यूरीफिकेशन टेक्नोलॉजी का निरीक्षण किया। ये सभी तकनीकें विशेष रूप से शहरी वायु प्रदूषण, धूल, धुएं, पीएम 2.5, पीएम 10 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से विकसित की गई हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का अभियान केवल सर्दियों के कुछ महीनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष के 365 दिनों तक स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। दिल्ली सरकार पारंपरिक उपायों के साथ-साथ नवीन तकनीकों, वैज्ञानिक रिसर्च और इनोवेशन आधारित समाधानों को भी प्राथमिकता दे रही है ताकि राजधानी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में ठोस और स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' और इनोवेशन को नई पहचान मिली है। आज देश में विकसित तकनीकें पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी प्रभावी समाधान प्रस्तुत कर रही हैं। दिल्ली सरकार ऐसी सभी तकनीकों का अध्ययन कर रही है जो प्रदूषण नियंत्रण में सहायक हो सकती हैं और जिनका उपयोग राजधानी में व्यापक स्तर पर किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वायु प्रदूषण केवल कुछ महीनों की चुनौती नहीं है, बल्कि यह पूरे वर्ष निरंतर प्रयासों की मांग करने वाला विषय है। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार वर्षभर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। पर्यावरण विभाग ने हाल ही में इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर के नवाचारकर्ताओं और स्टार्टअप्स ने प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण सुधार से जुड़े अनेक अभिनव समाधान प्रस्तुत किए थे। इन नवाचारों का मूल्यांकन आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों के सहयोग से किया गया। साथ ही, उनमें से सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन कर उन्हें दिल्ली में लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

उन्होंने बताया कि आज जिन अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों और उपकरणों का निरीक्षण किया गया, वे भी उसी पहल के अंतर्गत चयनित नवाचारों का हिस्सा हैं। सरकार ने इन्हें पायलट परियोजनाओं के रूप में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया है ताकि उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

# हाल में तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

श्री खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जरिए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपए प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपए प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं।

# भारत की 'नीली अर्थव्यवस्था' का मुख्य आधार बना 'शीत जल मत्स्य पालन'

एजेंसी

नयी दिल्ली। शीत जल मत्स्य पालन क्षेत्र आज देश की नीली अर्थव्यवस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है। यह क्षेत्र पर्वतीय क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर पैदा करने, पोषण स्तर में सुधार करने, पारिस्थितिकी-पर्यटन को बढ़ावा देने और पहाड़ों के सतत विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभा रहा है।

कभी हिमालय की नदियों में पारंपरिक रूप से मछली पकड़ने तक सीमित रहने वाला यह क्षेत्र, आज वैज्ञानिक खेती और आधुनिक बुनियादी ढांचे की बदौलत एक अत्याधुनिक जलीय कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का रूप ले चुका है।

देश के उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फ से ढकी नदियों, झरनों, झीलों और तालाबों में शीत जल मत्स्य पालन किया जा रहा है। इसके लिए आदर्श तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच, घुली हुई ऑक्सीजन 6 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक और पीएच स्तर 6.5 से 8.0 के बीच होना अनिवार्य है। वर्तमान में रेनबो ट्राउट, गोल्डन महासीर और स्नो ट्राउट जैसी मूल्यवान मछलियों को आधुनिक हैचरी, रेसवे, आरएएस, बायोफ्लॉक प्रणाली और कोल्ड चेन जैसी विशेष सुविधाओं के माध्यम से पाला जा रहा है। ट्राउट मछली का पालन आमतौर पर 1,500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर होता है, जबकि महासीर पालन कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अधिक सफल रहा है।

शीत जल मत्स्य पालन अब जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय और नागालैंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के पहाड़ी जिलों में तेजी से फल-फूल रहा है। यह पूरा तंत्र मिलकर 5.33 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक के पहाड़ी क्षेत्र को कवर करता है। भारत ने अब तक शीत जल की 278 से अधिक मछली प्रजातियों की पहचान की है, जिससे यह क्षेत्र जैव विविधता के संरक्षण और पहाड़ों के पर्यावरण-अनुकूल विकास के लिए बेहद जरूरी हो गया है।

वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल मछली उत्पादन लगभग 197.75 लाख टन तक पहुंच गया, जिसमें शीत जल मत्स्य पालन का अंतर्देशीय मछली उत्पादन में लगभग 3 प्रतिशत का योगदान है। देश में शीत जल की मछलियों का कुल उत्पादन अभी लगभग 7,000 टन है। इसमें से केवल ट्राउट मछली का उत्पादन पिछले एक दशक में लगभग 1.8 गुना बढ़कर वर्ष 2024-25 में लगभग 6,000 टन हो गया है।

उत्पादन के मामले में जम्मू और कश्मीर वर्ष 2025-26 में लगभग 3,010 टन उत्पादन के साथ देश का सबसे बड़ा ट्राउट उत्पादक क्षेत्र बनकर उभरा है, जहां कोकरनाग प्रजननालय और 2,000 से अधिक निजी ट्राउट इकाइयों का मजबूत नेटवर्क काम कर रहा है। इसी अवधि में हिमाचल प्रदेश ने 909 ट्राउट उत्पादक किसानों और 1,739 फार्मिंग इकाइयों के सहयोग से लगभग 1,673 टन ट्राउट का उत्पादन किया। उत्तराखंड में वर्ष 2024-25 के दौरान 710 टन ट्राउट और कुल 10,486 टन मछली का उत्पादन रिकॉर्ड किया गया, जिसके मुख्य आधार पिथौरागढ़, बागेश्वर और चमोली जैसे जिलों में स्थापित लगभग 2,500 क्षेत्र हैं।

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद लद्दाख ने 50 टन उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है, जहां द्रास में स्थानीय ट्राउट बीज का उत्पादन 30,000 और चोचुट में 80,000 बीज तक पहुंच गया है। पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय और नागालैंड जैसे राज्य प्रजननालयों और ट्राउट पालन का लगातार विस्तार कर रहे हैं, जबकि दक्षिण भारत के केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य वायनाड, नीलगिरी और उत्तर कन्नड़ के पहाड़ी इलाकों में प्रायोगिक तौर पर इससे संबंधित प्रणालियों को अपना रहे हैं।

## लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन अधिकारियों को आईं मामूली चोटें

नयी दिल्ली। लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन सुरक्षित बच गये। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। गौरतलब है कि लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी ) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे, जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर विमान उड़ा रहे थे। तीनों लोग इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गये। सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया है। शुरुआती जांच चल रही है, हालांकि घटना के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उल्लेखनीय है कि चीता हेलीकॉप्टर, जो एक हल्का यूटिलिटी विमान है और लंबे समय से भारत के ऊंचे इलाकों में होने वाले हवाई अभियानों की रीढ़ माना जाता रहा है। दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे लैंडिंग ग्राउंड्स और दूरदराज की अंग्रिम चौकी उड़ान भरने में सक्षम इस हेलीकॉप्टर ने लद्दाख, सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वोत्तर जैसे इलाकों में सैनिकों की आवाजाही, घायलों को निकालने, जासूसी मिशन और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में अहम भूमिका निभाई है। फ्रांस में डिज़ाइन किए गए एयरोस्पेशियल एसए 315 बी लामा पर आधारित और भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित चीता हेलीकॉप्टर दशकों पहले सेना में शामिल हुआ था और बेहद खराब मौसम तथा मुश्किल इलाकों में भी अपनी विश्वसनीयता के लिए मशहूर हुआ। शानदार ऑपरेशनल रिकॉर्ड के बावजूद, पुराने हो चुके इस बेड़े को अब रखरखाव और सर्विस से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते इसे नयी पीढ़ी के हेलीकॉप्टरों से बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भारतीय भाषाओं को सशक्त बनाने के लिए त्रिभाषा सूत्र बने शिक्षा का आधार

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा त्रिभाषा सूत्र लागू करने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में दायर जनहित याचिका (पीआईएल) के बीच भारतीय भाषाओं और शिक्षा नीति को लेकर बहस तेज हो गई है। शिक्षा जगत और भाषाविदों का मानना है कि यह केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि भाषाई पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और शैक्षिक समानता से जुड़ा मुद्दा है। शिक्षाविदों का कहना है कि अधिकांश विद्यार्थी आठवीं कक्षा तक किसी भारतीय भाषा का अध्ययन करते हैं, इसलिए उन्हें कक्षा नौ और दस में भी उसी भाषा को जारी रखने का अवसर मिलना चाहिए। उनका मानना है कि मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को मजबूत करती है। विशेषज्ञों के अनुसार त्रिभाषा सूत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप है, जिसमें मातृभाषा आधारित शिक्षा, बहुभाषिकता तथा भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया गया है।इन विशेषज्ञों ने भारतीय भाषाओं के महत्व को लेकर जन-जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता भी बताई।

## केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाकर देशवासियों को दे रही धीमा जहर : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10-15 दिनों में तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए शनिवार को कहा कि सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाकर देशवासियों को धीमा जहर दे रही है। श्री केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा, ''आज फिर से सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी हैं। पिछले 10-15 दिनों में तीसरी बार कीमतें बढ़ाई हैं। पिछले 10-15 दिन में पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 4 से 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए हैं। गैस सिलेंडर के दाम भी बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। लोग इतने ज्यादा डरे और सदमे में हैं कि लोगों को यह नहीं पता कि सरकार आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और कितना बढ़ाने वाली है। चारों तरफ अफवाहें चल रही हैं कि अभी तो बहुत बढ़ेगा, पेट्रोल 150 रुपए तक जाएगा, पता नहीं कितना जाएगा? सरकार से पूछो तो सरकार कुछ नहीं बता रही है।'' उन्होंने कहा कि देश में न सिर्फ दाम बढ़ रहे हैं, बल्कि देश भर में पेट्रोल, गैस और डीजल की किल्लत हो गई है। गुजरात से तस्वीरें आ रही हैं कि किस तरह से पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टरों की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है, डीजल नहीं मिल रहा है। किस तरह से जगह-जगह लोगों के बीच हाथापाई मची हुई है। उत्तर के गोरखपुर में लोग रात को सड़क पर सो रहे हैं। अपना गैस सिलेंडर भरवाने के लिए लाइनें लगा-लगाकर, मच्छरदानी लगाकर सड़क पर रात-रात भर सो रहे हैं। महाराष्ट्र के अकोला और बुलढाणा में पेट्रोल और डीजल लेने के लिए हाहाकार मचा हुआ है। देश के लोग जानना चाहते हैं कि सरकार बताए तो सही कि आने वाले दिनों के अंदर क्या होने वाला है, स्थिति कितनी खराब होने वाली है? लेकिन सरकार लोगों को कुछ बता ही नहीं रही है।

# पेज एक का शेष

## 75 जिलों में लागू ...

200 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला छात्रावास भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में बताया गया कि जुलाई 2025 में गठित 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के माध्यम से युवाओं को देश और विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। रोजगार मिशन को विदेश मंत्रालय से भर्ती एजेंसी का लाइसेंस भी प्राप्त हो चुका है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर में आयोजित रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से 27 हजार 555 युवाओं का चयन किया गया, जिनमें 2300 युवाओं का चयन विदेशों में रोजगार हेतु हुआ। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में 3030 रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से तीन लाख 74 हजार 776 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। इसी अवधि में आयोजित 4873 कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रमों में छह लाख 80 हजार 469 युवाओं ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रोजगार मेलों को केवल औपचारिक आयोजन न बनाकर उन्हें उद्योगों की वास्तविक मांग और युवाओं की क्षमता से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इसे सरदार वल्लभभाई पटेल इंडस्ट्रियल एंड एम्प्लॉयमेंट ज़ोन से भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने वैश्विक रोजगार अवसरों को लेकर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का युवा विश्वस्तरीय अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम है। सेवायोजन विभाग को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक और डिजिटल रोजगार तंत्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल में एआई आधारित सेवाओं, डिजिटल जॉब मैचिंग और ऑनलाइन काउंसलिंग प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए।

## विकसित भारत...

मोदी ने कहा कि गांवों में बढ़ती कनेक्टिविटी से किसानों, छोटे व्यापारियों और विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खुले हैं। उन्होंने नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप सामने आ रहे हैं और मुद्रा योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को आर्थिक सहायता मिली है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से सार्वजनिक सेवा को राष्ट्रसेवा और जनसेवा का माध्यम मानकर कार्य करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि देशभर में आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक करीब 12 लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को रेल, गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्ति दी गई।

## अमेरिका की हिन्द...

बात का प्रमाण है कि हिन्द महासागर क्षेत्र को लेकर अपनी रणनीति में अमेरिका भारत को कितना महत्वपूर्ण मानता है। श्री रूबियो ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध निरंतर मजबूत हो रहे हैं और भारतीय कंपनियों की अमेरिका में 20 अरब डालर से अधिक का निवेश करने की घोषणा इसकी पुष्टि करती है। भारत और अमेरिका संबंधों में प्रगाढता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये सही दिशा में आगे बढ रहे हैं और इनमें अनेक संभावनाएं देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को मजबूत बनाने के लिए आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण घोषणा किये जाने की संभावना है। विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच घनिष्ठ संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल से ही अब तक चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के दृष्टिकोण में गंभीरता है। इससे पहले श्री रूबियो ने राजदूत गोर के साथ प्रधानमंत्री मोदी से भेंट की और रक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में लगातार हो रही प्रगति के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका का दृष्टिकोण साझा किया। श्री रूबियो ने श्री मोदी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अमेरिका आने का निमंत्रण भी दिया। श्री मोदी ने कहा कि दोनों ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने क्वाड बैठक के बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा था कि बैठक में मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रूबियो के अलावा क्वाड के दो अन्य सदस्यों ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी भी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर यहां आ रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सभी सदस्य देश मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत के लिए क्वाड की परिकल्पना के अनुरूप पिछले वर्ष एक जुलाई को वॉशिंगटन में हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे। वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में क्वाड सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा सदस्य मौजूदा क्वाड पहलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, तथा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार करेंगे।

## अमेरिकी विदेश...

की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। रूबियो ने पश्चिम एशिया की स्थिति समेत विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिकी दृष्टिकोण भी साझा किया। मोदी ने शांति प्रयासों के प्रति भारत के लगातार समर्थन को दोहराते हुए कहा कि सभी संघर्षों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने रूबियो से राष्ट्रपति ट्रंप को अपनी शुभकामनाएं पहुंचाने का आग्रह किया और कहा कि वह उनके साथ आगे भी निरंतर संवाद की अपेक्षा रखते हैं। मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो का स्वागत करके खुशी हुई। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हो रही निरंतर प्रगति और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका वैश्विक हित के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में मार्को रूबियो के साथ शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। हमने सुरक्षा, व्यापार और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो दोनों राष्ट्रों को मजबूत करते हैं और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाते हैं। भारत, अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। सर्जियो गोर ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि विदेश मंत्री रूबियो ने राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया है।

## उत्तरी चीन की...

निकालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अधिकारियों को घायलों के इलाज और बचाव कार्य में 'कोई कोर-कसर न छोड़ने' का हुक्म दिया है। इसके साथ ही उन्होंने हादसे की पूरी जांच करने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की सख्त जवाबदेही तय करने की बात कही है। अधिकारियों ने खदान का संचालन करने वाली कंपनी 'शांक्सी टोंगझोउ कोल एंड कोक ग्रुप' से जुड़े आला अधिकारियों को हिरासत में ले लिया है। खबरों के मुताबिक, चीन के राष्ट्रीय खदान सुरक्षा नियामक ने साल 2024 में ही गैस का स्तर बढ़े होने के कारण लियुशेन्यू खदान को बेहद संवेदनशील और खतरनाक घोषित किया था। सालाना करीब 12 लाख टन उत्पादन क्षमता वाली यह खदान शांक्सी में स्थित है, जो चीन का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक इलाका है। इस क्षेत्र में सुरक्षा लिहाज से खदान हादसे लगातार बड़ी चिंता बने हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि विस्फोट की असली वजहों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## पेट्रोल, डीजल...

फतेहपुर में 92.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 90.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 87.42 रुपये, हापुड़ में 90.70 रुपये तथा गौतम बुद्ध नगर में 89.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 89.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी।

## आजम की सजा...

सुनाई थी। आजम पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। बेटे के दो पैन कार्ड मामले में सुनाई गई सजा के बाद आजम खां और अब्दुल्ला आजम नवंबर 2025 से जेल में हैं। तत्कालीन डीएम पर बयान के मामले में सजा सुनाए जाने के दौरान पर आजम जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट की कार्यवाही से जुड़े रहे। सपा नेता आजम खां के खिलाफ यह मामला भोट थाना क्षेत्र में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भोट इलाके में उन्होंने जनता के बीच रोड शो में यह बयान दिया था। उस समय का चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का था और रामपुर लोकसभा सीट से आजम खां प्रत्याशी थे। बयान देते समय का आजम खां का वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग से रिपोर्ट तलब की थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मांगते हुए कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस आदेश के बाद चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं टांडा के एसडीएम घनश्याम त्रिपाठी ने 11 मई 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की अदालत ने इस मामले में सपा नेता आजम खां को दोषी करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने आजम खां को दो साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई।

## आईआरजीसी से जुड़े ...

बचा पाएगी। उस पर चरमपंथी गतिविधियों के एक व्यापक पैटर्न में शामिल होने का भी आरोप है, जिसमें एम्स्टर्डम, लंदन, टोरंटो और ब्रुसेल्स जैसे शहरों में यहूदी और अमेरिकी हितों को निशाना बनाने वाले कथित हमले या हमलों के प्रयास शामिल हैं। साद दाऊद अल-सादी ने ऑनलाइन धमकियां पोस्ट करते हुए कहा था कि न तो तुम्हारे महल और न ही गुप्त सेवा तुम्हारी रक्षा कर पाएगी। रिपोर्ट में अल-सादी को इराक-ईरान के उग्रवादी नेटवर्क से जुड़ा एक उच्च-रैंकिंग वाला व्यक्ति बताया गया है। श्री ट्रंप की बेटी और उनके पहले कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस की पूर्व सलाहकार इवांका ट्रंप इस साजिश का निशाना थीं। अमेरिकी अधिकारियों ने रिपोर्ट में उल्लिखित विवरणों के अलावा, आरोपों का पूरा विवरण सार्वजनिक रूप से जारी नहीं किया है।

# दिल्ली सरकार सभी रजिस्ट्रार दफ्तरों को आधुनिक, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार राजधानी के सभी रजिस्ट्रार दफ्तरों को आधुनिक, भ्रष्टाचार मुक्त और अनावश्यक देरी को खत्म करके पारदर्शी, तकनीक आधारित और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा बड़ा कदम उठाने जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के सब-रजिस्ट्रार दफ्तरों की कार्य संस्कृति बदले और वहां प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी, भ्रष्टाचार, दलाल संस्कृति या अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। सरकार का उद्देश्य राजधानी के रजिस्ट्रार कार्यालयों को आधुनिक, पारदर्शी, तकनीक आधारित और नागरिक-अनुकूल सेवा केंद्रों के रूप में विकसित करना है, ठीक उसी प्रकार जैसे देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों के माध्यम से व्यवस्थित और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस महत्वपूर्ण योजना को चरितार्थ करने के लिए मुख्यमंत्री ने हाल ही में संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की थी। बैठक में कुछ कंपनियों ने प्रेजेंटेशन भी पेश किए थे। इसमें जानकारी दी गई थी कि कुछ राज्यों में तकनीक आधारित व्यवस्था, प्रशिक्षित स्टाफ और एकीकृत डिजिटल सेवाओं के जरिए नागरिकों को तेज, पारदर्शी और परेशानी-मुक्त नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ कई बार विचार-विमर्श किया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली सरकार को भी ऐसे ही रजिस्ट्रार कार्यालय विकसित करने चाहिएं, जहां लोगों को अर्थपूर्ण सेवाएं मिलें और सरकार का राजस्व भी बढ़े। मुख्यमंत्री ने



शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि राजधानी के सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को सम्मानजनक, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं मिलनी चाहिए। इसी उद्देश्य से सरकार ऐसे मॉडल पर काम कर रही है, जिसमें लंबी कतारों, अव्यवस्था, तकनीकी बाधाओं और अनावश्यक हस्तक्षेप को समाप्त किया जा सके। प्रस्तावित मॉडल के तहत रजिस्ट्रार कार्यालयों में नागरिकों को एयरपोर्ट और पासपोर्ट सेवा केंद्रों जैसी आधुनिक सुविधाएं और प्रोफ़ेशनल सेवा अनुभव उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने इन मॉडल केंद्रों में वातानुकूलित प्रतीक्षालय, हेल्प डेस्क, डिजिटल सहायता केंद्र, प्रशिक्षित स्टाफ, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, स्मार्ट टोकन प्रणाली और रियल टाइम एप्लीकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक दफ्तरों का लुक शानदार होगा और वहां आधुनिक हार्डवेयर और नवीनतम अपडेट से सॉफ्टवेयर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहां ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, प्री-चेक सेवाएं, लाइव एप्लीकेशन ट्रैकिंग और स्मार्ट टोकन सिस्टम के माध्यम से लोगों का इंतजार समय कम करने और पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने की वायु प्रदूषण को कम करने वाले नए उपकरणों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सत गुरु राम सिंह मार्ग से कीर्ति नगर फायर स्टेशन होते हुए मायापुरी चौक तक के क्षेत्र का दौरा करके वायु प्रदूषण को कम करने वाले उपकरणों की समीक्षा की। इस दौरान दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हरीश खुराना भी मौजूद रहे। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के साथ आज दिल्ली सरकार की इनोवेशन चैलेंज के तहत वायु प्रदूषण को कम करने वाले चयनित इनोवेशन देखें, जिनका ट्रायल राजधानी में चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नई और प्रभावी तकनीकों का परीक्षण करना है। उन्होंने कहा कि सभी नवाचार पूरी तरह से ''मेड इन इंडिया'' हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र




मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन को भी बल देता है। सिरसा ने कहा कि इस तरह के अलग-अलग पायलट प्रोजेक्ट दिल्ली में लगे हैं। हमारा मकसद है कि कोई भी ऐसे प्रोडक्ट्स और टेक्नोलॉजी हमें मिलती है, जिससे दिल्ली की हवा को साफ किया जा सके, उसके ऊपर काम करने की हमारी यह पहल है। सिरसा ने बताया कि एसटीआर 101 फिल्टर-लैस एयर प्यूरीफायर की 21 डिवाइस यहां खंभों पर लगाई गई है। यह हर घंटे 3 लाख लीटर हवा साफ करते हैं। यह धूल, तलछट, पीएम 2.5 और हानिकारक गैसों को खत्म करता है। इस साथ ही ईवी-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन देश की पहली इलेक्ट्रिक गाड़ी पर लगी एंटी-स्मॉग गन है। यह पानी की बारीक बूंदों से नकली बारिश जैसा माहौल बनाता है हवा के प्रदूषण और धूल को जमीन पर बैठा देती है।

# संक्षिप्त समाचार

## आम आदमी पार्टी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर आआपा दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बयान में कहा कि पिछले 10 दिनों में पेट्रोल-डीजल के 5 रुपये तक दाम बढ़े। इस तरह से देखे तो भारत की अर्थव्यवस्था कई मायनों में गिरने का सबसे बड़ा कारण यह है कि सरकार पिछले 10 वर्षों में एआई और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए जो काम करना चाहिए था, वह करने में विफल रही। अब इसके कारण रुपये का मूल्य गिर रहा है। पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक चीजें सभी महंगी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता में विश्वास पैदा करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। लेकिन सरकार सिर्फ महंगाई बढ़ा रही है। जिसके कारण से आम जनता बहुत परेशान है। पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों में 5 रुपये तक दाम बढ़े। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह देश की जनता के बारें में सोचे और बढ़ती महंगाई के लिए भी कार्य करे। सिसोदिया ने कहा कि सरकार की आलोचना को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईडी और सीबीआई की शक्ति का उपयोग करके कब तक जनता के सवालों पर चुप रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से यदि महंगाई बढ़ती रही को आम जनता का क्या होगा।

## पंजाब निकाय चुनाव के लिए कुल 7,555 उम्मीदवार मैदान में, सबसे ज्यादा प्रत्याशी आप के

**चंडीगढ़।** पंजाब में आगामी 26 मई को होने जा रहे नगर निकाय चुनाव 2026 के लिए कुल 7,555 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने शनिवार को बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं। आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी (आप) के सबसे अधिक 1,801 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वहीं कांग्रेस के 1,550, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 1,316 और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के 1,251 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

## एससी-एसटी उद्यमियों के लिए विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम 25 मई को

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय एससी-एसटी हब, लुधियाना द्वारा दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई)- नॉर्थ इंडिया के सहयोग से मौजूदा एवं इच्छुक एससी-एसटी उद्यमियों के लिए 'उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सोमवार, 25 मई 2026 को प्रातः 9:00 बजे से ऑडिटोरियम, बाबा मखन शाह लोबाना भवन, सेक्टर-30ए, चंडीगढ़ में होगा।

## नेहरू हिल पार्क में कथित अवैध बकरा बाजार को लेकर विवाद, भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान स्थित नेहरू हिल पार्क में लगाए गए कथित बकरा बाजार को लेकर विवाद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अमित गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर नगर निगम द्वारा जारी आवंटन रसीद को रद्द करने और मामले में कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि दिल्ली नगर निगम अधिकारियों ने कथित दबाव में आकर नेहरू हिल पार्क को एक फर्जी आरडब्ल्यूए के नाम आवंटित कर दिया, जिसके बाद वहां बकरा बाजार संचालित किया जा रहा है। भाजपा नेता अमित गुप्ता ने दावा किया कि आवंटन रसीद में कहीं भी बकरा बाजार लगाने का उल्लेख नहीं है और यह ऌअवैध कब्जे को वैध करनेङ्क का प्रयास है। भाजपा नेता अमित गुप्ता ने कहा कि माता सुंदरी रोड, गांधी मार्केट और मिंटो रोड जैसे मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के नागरिक इस फैसले से नाराज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने 8 मई से पहली बार पार्क में बकरे बांधकर बाजार शुरू किया था। उन्होंने कहा कि नगर निगम के हॉर्टिकल्चर विभाग ने दो बार संबंधित पुलिस थाने में शिकायत देकर पार्क से कथित अवैध कब्जा हटाने का प्रयास किया, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। बाद में 21 से 27 मई तक के लिए लगभग 1.07 लाख रुपये लेकर पार्क का आवंटन किए जाने की जानकारी सामने आई। अमित गुप्ता ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में इस क्षेत्र के नेहरू हिल पार्क में कभी बकरा बाजार नहीं लगा। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली सरकार सार्वजनिक स्थलों पर बकरों की कुर्बानी नहीं होने देने की बात कह रही है, तब पार्क का इस प्रकार आवंटन किया जाना गलत है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आवंटन रद्द करने की मांग की। भाजपा नेताओं के अनुसार मुख्यमंत्री ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## प्रकृति के करीब दिखे राज्यपाल, बर्ड वॉचिंग में दुर्लभ पक्षियों को निहारा

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शनिवार सुबह लोक भवन परिसर एवं गोल्फ कोर्स क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग कर विभिन्न पक्षी प्रजातियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पक्षियों के प्राकृतिक आवास, व्यवहार, खान-पान एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी प्राप्त की और जैव विविधता के संरक्षण में जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने राज्यपाल को लोक भवन क्षेत्र में पाई जाने वाली वनस्पतियों, तितलियों और पक्षियों के बारे में जानकारी देते हुए उनके पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान से अवगत कराया। बर्ड वॉचिंग के दौरान ब्लू व्हिस्लिंग थ्रश, कोल टिट, ग्रे-हेडेड वुडपेकर, ग्रीन-बैक्ड टिट, कलीज फीजेंट, स्मॉल निल्टावा और यूरेशियन जे सहित अनेक पक्षी प्रजातियों का अवलोकन किया गया। साथ ही बांज, रिंगाल, देवदार, पांगर और मैपल जैसे वृक्षों तथा हिल जेजेबेल, इंडियन कैबेज व्हाइट और कॉमन वुड ब्राउन जैसी तितलियों की पहचान भी कराई गई। राज्यपाल ने कहा कि प्रकृति और जैव विविधता का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार, उप प्रभागीय वनाधिकारी ममता चंद सहित नैनीताल वन प्रभाग एवं लोक भवन की टीम उपस्थित रही।

# तेजस्वी यादव ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सहित पूरे देश में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सियासत तेज हो गई है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतें आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही हैं और सरकार इस पर गंभीर नहीं है। शनिवार को पटना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने एक बार फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पिछले 10 दिनों में तेल की कीमतों में करीब 5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है, जो औसतन लगभग 50 पैसे प्रतिदिन के बराबर है। उनके अनुसार यह वृद्धि रुकने के बजाय आगे भी जारी रह सकती है, जिससे जनता पर महंगाई का दबाव और बढ़ेगा। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी और



पूंजीपरस्त सोच से प्रेरित हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अपेक्षाकृत कम थीं, तब भी उपभोक्ताओं को उसका लाभ नहीं मिला। वहीं अब जब कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है, तब भी इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर डाला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में कच्चे तेल की कीमतें कई बार कम होने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें दोगुनी हो चुकी हैं। राजद नेता ने आगे कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा, जिससे खाद्य वस्तुओं से लेकर परिवहन तक सभी क्षेत्रों में लागत बढ़ेगी। इसके चलते निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर घट सकते हैं, छोटे उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है और प्रवासी श्रमिकों के पलायन की स्थिति दोबारा उत्पन्न हो सकती है। इससे गरीबी और बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो जाएगी। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और रोजगार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक और वैचारिक विषयों पर अधिक सक्रिय दिखती है। उनके अनुसार, जनता की मूल समस्याओं जैसे महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार का ध्यान संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, प्रचार-प्रसार और सामाजिक विभाजन से जुड़े मुद्दों की ओर अधिक रहता है, जबकि आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस तरह की नीतियों का खामियाजा अंततः आम जनता को भुगतना पड़ता है।

## हथियार तस्करी मामले में फरार आरोपित हिमाचल से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लंबे समय से फरार चल रहे भगोड़े अपराधी को हिमाचल प्रदेश के मनाली से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रोहित के रूप में हुई है। वह आर्म्स एक्ट के एक मामले में भगोड़ा घोषित था। पुलिस के मुताबिक आरोपित के खिलाफ दिल्ली में कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की एनआर-1 यूनिट ने यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के ओल्ड मनाली इलाके में की। पुलिस के अनुसार आरोपित पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए दिल्ली छोड़कर हिमाचल प्रदेश में छिपा हुआ था और वहां एक होटल में काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की एनआर-1 टीम लगातार घोषित अपराधियों और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपितों की तलाश में अभियान चला रही थी। इसी कड़ी में एएसआई प्रेम वीर, हेड कांस्टेबल सोनू और हेड कांस्टेबल अमित कौशिक की टीम बनाई गई।

# नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026 के काउंटडाउन रन को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी,बोले-सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार को मिलेगी नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026' के काउंटडाउन रन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, होमस्टे, स्थानीय उत्पादों और युवा उद्यमिता को नई दिशा देगा। इस अवसर पर उन्होंने मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतिभागियों के साथ प्रतीकात्मक दौड़ में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन के शुभंकर 'क्यालु- हिम तेंदुआ' का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन



केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में नई ऊर्जा, नए अवसर और नए विश्वास का अभियान है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं में साहस, संकल्प और देश के लिए कुछ बड़ा करने का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आज युवाओं के जोश से गूंज रही यह पहल आने वाले समय में नीति घाटी की ऊंचाइयों पर नया इतिहास रचेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महाआयोजन के लिए देश के 27 राज्यों और 2 देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जो युवाओं में इस आयोजन के बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया और राष्ट्रीय खेलों जैसे अभियानों के माध्यम से खेल एवं फिटनेस को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड को देश का अग्रणी एडवेंचर स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्यटन विकास परिषद नरेंद्र भंडारी सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# किंग्सवे कैंप मार्केट में जूते के शोरूम में आग, चार घंटे की मशक्कत के बाद काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के मुखर्जी नगर इलाके में शनिवार सुबह किंग्सवे कैंप मार्केट स्थित एक जूते के शोरूम में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान की तीन मंजिलें इसकी चपेट में आ गईं। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान में रखा सामान जलने से आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 6:52 बजे मुखर्जी नगर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए किंग्सवे कैंप मार्केट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एएसआई सुखवीर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में पता चला कि आग दुकान नंबर-101 में बने बाटा शोरूम के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। हालांकि कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी। बताया जा रहा है कि शटर का लॉक तत्काल नहीं टूट पाने के कारण आग पर शुरुआती स्तर पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका, जिससे आग पहली और दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई और केवल दमकल विभाग के वाहनों को आने-जाने की अनुमति दी गई। इधर सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

# बिहार बनेगा एआई हब, राज्य सरकार जल्द लायेगी एआई पॉलिसी: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को ऊर्जा स्टेडियम में 'बिहार एआई समिट-2026' का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करता हूं और आयोजकों को धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे इस कार्यक्रम में बुलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई जीवन का महत्वपूर्ण अंग होने जा रहा है। आज भारत के करीब 120 करोड़ लोग मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में संचार क्रांति हुयी है। संचार क्रांति के इस युग में एआई का का काफी अहम रोल है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में बेसिक चीजें बिजली, सड़क, पानी को व्यवस्थित किया। भारत को विकसित होना है तो बिहार को समृद्ध होना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के इतिहास ने पूरे देश को दिशा दिया




था। मगध ने देश को स्वर्णिम काल दिया। नालंदा विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनः स्थापित किया। यहां के गौरवशाली इतिहास को वापस लाना है। हर हाल में इसी फाइनेंशियल इयर में विक्रमशिला विश्वविद्यालय को स्थापित किया जायेगा। सभी विभाग एआई का अधिक से अधिक उपयोग करें। एआई के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आयेगी। पंचायतों में आयोजित हो रहे सहयोग शिविर में तकनीक का महत्वपूर्ण रोल रहेगा। एआई इसमें काफी मददगार साबित होगा। सहयोग शिविर के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारा उद्देश्य है। लोगों की समस्याओं के आवेदन पर 30वें दिन तक अगर कार्रवाई नहीं होगी तो संबंधित पदाधिकारी को 31वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय निलंबित कर देगा। सहयोग पोर्टल में एक ऐसा स्पेस बनायें जिसमें बिहार की समृद्धि एवं विकास के लिये लोग अपना सुझाव दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के प्रवासी बिहार लौटें। कर्मभूमि से जन्मभूमि वापस लौटकर अपना कर्ज उतारें। कर्मभूमि में रहकर भी बिहार की समृद्धि में अपना योगदान दें। बिहार के बाहर रहकर बिहार का नाम रौशन करनेवाले प्रवासियों का अभिनंदन करते हैं लेकिन बिहार के बाहर जो लोग मजदूरी के लिये जा रहे हैं उनके रोजगार की बिहार में ही व्यवस्था के लिये सरकार प्रयत्नशील है। राज्य के सभी 534 प्रखंड में मॉडल स्कूल खोला जाएगा। पटना में 10 और गया, बिहार शरीफ, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, हाजीपुर और छपरा सहित नगर निगम वाले जिलों में 5-5 मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। छोटे जिलों में भी 3 से 4 मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। मॉडल स्कूलों में ऐसी व्यवस्था करनी है कि मंत्री और अधिकारी भी अपने बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए तरसें।

## सहरसा में एम्स की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

सहरसा। सहरसा में एम्स अस्पताल की स्थापना की मांग को लेकर शंकर चौक स्थित मंदिर परिसर में एक सांकेतिक धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सहरसा में एम्स अस्पताल की स्थापना के लिए आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। धरना की अध्यक्षता मनोज गुप्ता ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन पूर्व वार्ड पार्षद मिथिलेश झा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि कोसी क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान है। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए पटना, दरभंगा और दूसरे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। ऐसे में सहरसा में एम्स की स्थापना क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए बेहद जरूरी है। धरना में कोशी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार,संरक्षक प्रवीण आनंद सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रवीण सिंह, संजय कुमार सिन्हा, हरिश्चंद्र चौधरी, अमृत राज, ध्रुव चौधरी एवं अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063